रोहतक
गुरुवार 26 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 50
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 13.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

राम नवमी की मंगलकामनाएं



## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा निवेशकों की चांदी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में आठ लाख करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 पर बंद हुआ।



*(विस्तृत पेज -4 पर)*

### अविमुक्तेश्वरानंद को मिली अग्रिम जमानत

**प्रयागराज।** यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाते हुए अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर की। *एजेंसी*



## कंपनी नोटिस देगी, तीन माह बाद नहीं मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

# घर के पास पीएनजी पाइपलाइन तो लेना ही होगा गैस कनेक्शन

**यदि आप किराएदार हैं तो खुद भी आवेदन कर सकते हैं**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026' लागू किया है। पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता, तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी।



**चार नए नियम**

- मकान मालिक पीएनजी के लिए मना करे तो भी एलपीजी बंद होगी
- घर बदलते समय पीएनजी कनेक्शन सरेंडर कर सकते हैं

- अब एक घर में पीएनजी व एलपीजी दोनों कनेक्शन रखना गैर कानूनी
- जिनके पास पीएनजी कनेक्शन वे सिलेंडर रिफिल नहीं करवा सकते
- जिनके पास दोनों, वे एलपीजी कनेक्शन विभाग को सरेंडर करेंगे
- पीएनजी वाले नए घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे

### सरकार बोली-पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं, 35 दिन बाद गैस बुकिंग की बात झूठ

**नई दिल्ली।** सरकार ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया है जिनमें गैस सिलेंडर बुक करने के नियमों में बदलाव की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पीएम उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) वाले उपभोक्ता अब 45 दिन और नॉन-पीएमयूवाई उपभोक्ता दूसरा सिलेंडर 35 दिन बाद ही बुक करा सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है।



**कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर दबाव**

पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर के मुकाबले 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पर कहीं ज्यादा दबाव है। 22 मार्च को सरकार ने कॉमर्शियल एलपीजी के कोटे में 20% की अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी।

### सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी

कई बार हाउसिंग सोसायटियों या रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के विरोध की वजह से पाइपलाइन का काम रुक जाता था। अब ऐसा नहीं होगा। अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी। अगर सोसाइटी ने मना किया या देरी की, तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर रोक लगाई जाएगी।

### हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं : जयशंकर

संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है। हम किसी की ओर से मध्यस्थता नहीं करते। बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात और देश में तेल और गैस की उपलब्धता पर चर्चा हुई।

*(विस्तृत खबर पेज-5 पर)*

## ईरान ने ठुकराया अमेरिका का शांति प्रस्ताव

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा है कि जंग सिर्फ उसकी शर्तों और वक्त के मुताबिक ही खत्म होगी। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने अमेरिकी प्रस्ताव को धोखा और तनाव बढ़ाने की रणनीति बताया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका अलग-अलग कूटनीतिक चैनलों के जरिए बातचीत की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके प्रस्ताव हकीकत से दूर हैं और मैदान में उसकी विफलता को छिपाने की कोशिश हैं।

### बातचीत के लिए ये पांच शर्तें रखीं

- सभी हमले और हत्याएं तुरंत बंद हों।
- भविष्य में हमले न हों, इसकी ठोस गारंटी मिले।
- युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई (मुआवजा) दी जाए।
- पूरे क्षेत्र में सभी मोर्चों पर संघर्ष खत्म हो।
- होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान के अधिकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिले।

### ईरान बोला, शर्तों के पूरा होने से पहले बातचीत नहीं

ईरान ने साफ कहा कि इन शर्तों के पूरा होने से पहले कोई बातचीत नहीं होगी और उसकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, अमेरिका की ओर से प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने, यूरेनियम संवर्धन रोकने, मिसाइल कार्यक्रम सीमित करने और क्षेत्रीय समूहों से दूरी बनाने जैसी मांगें शामिल बताई जा रही हैं। इसके बदले अमेरिका ने प्रतिबंध हटाने और नागरिक परमाणु कार्यक्रम में सहयोग की पेशकश की है।

**एक अप्रैल से लागू होगा नया टैरिफ**

## नहीं बढ़ेंगे बिजली के रेट, 83 लाख उपभोक्ताओं को राहत

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर दी है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली दरों को यथावत रखने का निर्णय लिया है। इस फैसले से प्रदेश के 83,79,739 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। नया टैरिफ 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। आयोग ने यह निर्णय उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से दायर वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) याचिकाओं पर विस्तृत सुनवाई के बाद लिया है। दोनों डिस्कॉम्स ने लगभग 4,484.71 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का अनुमान प्रस्तुत किया था, इसके बावजूद आयोग ने उपभोक्ताओं पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं डालने का फैसला किया। इससे पहले हरियाणा में बिजली की दरें अप्रैल 2025 में बढ़ाई गई थीं।



**4,484.71 करोड़ के घाटे के बावजूद एचईआरसी का फैसला**

### घरेलू उपभोक्तों के लिए दरें

| यूनिट | पहले | अब |
|---|---|---|
| 150 तक | 2.75 | 2.95 |
| 151-250 | 5.25 | 5.25 |
| 251-500 | 6.30 | 6.45 |
| 501-800 | 7.10 | 7.10 |

*गुरुग्राम समेत पांच जिलों में ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे*

### किसानों को 0.10 रुपये प्रति यूनिट से देना होगा बिल

यूएचबीवीएनएल के सप्लाई लॉस को 9.30 % निर्धारित किया गया है, जो प्रस्तावित 9.85 % से कम है। आयोग ने डिस्कॉम्स को निर्देश दिया है कि वे सर्कल स्तर के बजाय उन फीडरों पर विशेष ध्यान दें, जहां एटीएंडसी लॉस अधिक है, ताकि सूक्ष्म स्तर पर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने कृषि क्षेत्र के लिए 7,870.32 करोड़ रुपये की राज्य सरकार सब्सिडी का प्रावधान रखा है। इसके तहत किसानों को 7.48 रुपये प्रति यूनिट की वास्तविक लागत के मुकाबले केवल 0.10 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा, जिससे कृषि उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

### किसानों को लोड बढ़ाने की मंजूरी

इसके अलावा, 31 दिसंबर 2023 तक 10 बीएचपी तक के ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले किसानों को बिना वरिष्ठता प्रभावित किए अपने लोड में वृद्धि करने की अनुमति दी गई है। यह सुविधा 31 मई 2026 तक एकमुश्त अवसर के रूप में उपलब्ध रहेगी। हालांकि, जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन ले लिया है, वे इसके पात्र नहीं होंगे।

## यौन शोषण पीड़ित 3 वर्षीय बच्ची को थाने बुलाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**हरियाणा पुलिस और बाल कल्याण समिति को जमकर फटकार लगाई**

**गुरुग्राम पुलिस से कहा- यह शॉकिंग**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से यौन शोषण मामले में असंवेदनशील रवैये के लिए हरियाणा पुलिस और बाल कल्याण समिति को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा पीड़ित से मिलने के बजाय उसे थाने बुलाना शर्मनाक है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा- पुलिस अफसरों को देखिए, उनकी पोजिशन देखिए। पुलिस स्टेशन में डीसीपी, एएसपी रहते हैं। इस अपराध में आपकी यही समझ है तो फिर कानून किसे कहेंगे? यह शॉकिंग है। पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए हरियाणा कैडर की महिला आईपीएस अधिकारियों सहित तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। 4 फरवरी 2026 को एक व्यक्ति ने गुरुग्राम के थाना सेक्टर-53 में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें कहा था- उनकी सोसाइटी की 2 मेड और एक व्यक्ति ने दिसंबर 2025-जनवरी 2026 में उनकी 3 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकत और यौन शोषण किया।

## सार्वजनिक कार्यक्रमों में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं

**गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज**

**सुप्रीम कोर्ट बोला, जब इसके लिए सजा होने लगेगी, तब विचार करेंगे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका कर दी। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। मामला सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में था। बेंच ने कहा कि गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। बेंच ने कहा- ये दिशानिर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देंगे।

### सांबा में पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा गया

**सांबा (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने रामगढ़ सेक्टर में सीमा चौकी 'भल्लर' के सामने पाकिस्तान के एक बुजुर्ग नागरिक की संदिग्ध हरकत देखी और सीमा में घुसने का प्रयास करने पर उसे चेतावनी दी। चेतावनी पर व्यक्ति ने आत्मसमर्पण कर दिया।



### जेएनयू दुनिया के टॉप 50 संस्थानों में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और भारत के चार आईआईटी ने बड़ी छलांग लगाई है। इसके अलावा बाकी संस्थानों का प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है। जेएनयू से लेकर बिट्स पिलानी और चार आईआईटी इस लिस्ट में शामिल हैं। आईआईटी दिल्ली के पांच विषयों को दुनिया के टॉप-50 में जगह दी गई है। इस साल भारत के रिकॉर्ड 99 संस्थानों ने इस रैंकिंग में अपनी जगह बनाई है।



### यूसीसी लागू करने वाला गुजरात बना दूसरा राज्य

**गांधीनगर।** गुजरात में बुधवार को एक बड़ा कानूनी और राजनीतिक बदलाव देखने को मिला, जहां विधानसभा ने ऐतिहासिक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल 2026 को बहुमत से पास कर दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ ही गुजरात, उत्तराखंड के बाद देश का दूसरा ऐसा राज्य बन गया है जिसने अपने यहां समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में ठोस कानूनी का आधार तैयार किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सदन में बिल पेश किया।



**राज्यसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस में नहीं थम रहा सियासी भूचाल**

## मुख्यमंत्री सैनी से मिले कांग्रेसी विधायक मोहम्मद इलियास, मेवात पुन्हाना में आने का दिया न्योता

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

राज्यसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस के अंदर हलचल कम होने का नाम नहीं ले रही है, बदलते हुए घटनाक्रम में चर्चाओं का दौर भी चल रहा है। इस बीच हथीन से विधायक मोहम्मद इलियास का फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है, जिसमें वे सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी के साथ में मिले हैं। बताया जा रहा है कि मेवात पुन्हाना क्षेत्र में सीएम से दौरे की अपील की है। इलियास की मुलाकात के बाद में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं, पूर्व में भी कांग्रेस से क्रास वोटिंग करने वाले विधायकों द्वारा वोटिंग के बाद में सीएम से मुलाकात के आरोप लगे थे।



**राज्यसभा में वोटिंग के बाद भी कांग्रेस के कई विधायकों के सीएम से मिलने के लगे थे आरोप**

### आरोपित विधायकों के बदले सुर

राज्यसभा की दो सीटों में एक कांग्रेस और एक सीट भाजपा को चली गई है। तीसरे प्रत्याशी सतीश नांदल भाजपा समर्थित के मैदान में कूदने के बाद में सियासी भूचाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोपित विधायकों के सुर जहां बदले हुए हैं, वहीं अब इस हलचल के बीच में क्रास वोटिंग से घिर मोहम्मद इलियास ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि पुन्हाना मेवात बुलाने का सीएम को न्योता दिया है, इस मुलाकात के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। दूसरी ओर मोहम्मद इसराइल भी अगला चुनाव कांग्रेस से नहीं लड़ने का दावा कर चुके हैं, साथ ही साफ कर दिया है कि कांग्रेस की ओर से खड़ा किया गया प्रत्याशी कर्मबीर उन्हें पसंद नहीं था।




## खबर संक्षेप

### एफडी घोटाले से लोगों को करोड़ों की चपत लगी



**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार में विकास का बेशक एक भी काम न होता हो, लेकिन रोज नए-नए घोटाले जरूर होते हैं। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का। पंचकूला निगम में सामने आए 160 करोड़ रुपये के एफडी घोटाले पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने कहा की यहां फर्जी एफडी कागजात जमा कर जनता के करोड़ों रुपये चट कर दिए गए। इतना बड़ा घोटाला सरकारी मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा की 590 करोड़ के आईडीएफसी घोटाले के बाद अब पंचकूला निगम में भी ऐसा ही घोटाला सामने आया है।

### फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों से ठगी

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों का लगातार शोषण कर रही है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किस तरह से किसानों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं यह इस बात से साफ दिखाई देता है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई उनको 171, 213 और 624 रुपये का मुआवजा खातों में भेजा गया है। विडंबना यह है कि इन्ही किसानों ने बीमा कराने के लिए 4000 तक प्रीमियम के तौर पर बीमा कंपनियों को दिए हैं। अभी भी बहुत सारे गांवों में किसानों के खेतों में पानी खड़ा है।

## केंद्र से समन्वय के लिए विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे

# केंद्रीय फंड पर सख्ती, नायब बोले समय पर खर्च करो, वरना जवाब दो

**विकास कार्यों में पारदर्शिता सबसे जरूरी तकनीक का उपयोग करें**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

- धीमी गति से चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश
- विभागों में आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए कहा

मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्र सरकार से प्राप्त अनुदानों को लेकर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक में सख्ती से कहा कि केंद्रीय योजनाओं का पैसा समय पर खर्च करे, वरना जवाब देने के लिए तैयार रहे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग, प्रगति एवं लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में स्वीकृत बजट का समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रदेश के नागरिकों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे अनुदानों का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग राज्य के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि आगामी किस्तों की स्वीकृति में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें तेजी लाई जाए और उनका त्वरित समाधान किया जाए। समय पर योजनाओं को पूरा किया जाए।



### लोगों को योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द मिले : सीएम

उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने- अपने विभागों में नोडल अधिकारी नामित करें जो निरंतर केंद्र सरकार के विभागों से समन्वय स्थापित करते रहें ताकि अनुदान राशि स्वीकृत और जारी होने में देरी न हो। नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा तकनीक के अधिकतम उपयोग के माध्यम से कार्यों की निगरानी की जाए। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्तायुक्त डॉ सुमिता मिश्रा, परिवहन विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू सहित अन्य प्रशासनिक सचिव मौजूद रहे।

## सीएम से मिले रूस के राजदूत, आईटी और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में भारत में रूसी संघ के राजदूत डेनिस अलीपोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने तथा नए सहयोग के अवसरों की तलाश को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक की शुरुआत भारत और रूस के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत और भरोसेमंद संबंधों की समीक्षा की गई। इसके साथ-साथ, हरियाणा से रूस को निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने आईटी, ऑटोमोबाइल, एग्रो-प्रोसेसिंग, वस्त्र और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य की क्षमताओं को रेखांकित



करते हुए कहा कि हरियाणा रूसी बाजार की मांगों को पूरा करने में सक्षम है। दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने, लॉजिस्टिक चुनौतियों को दूर करने, बाजार पहुंच बढ़ाने और निर्यात-उन्मुख निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

## आईटीआई पास युवाओं के शुरू होंगे रोजगार मेले

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए है कि आईटीआई से पास होने वाले प्रशिक्षुओ के शिक्षुता और प्लेसमेंट डाटा को एकत्रित कर पोर्टल बनाया जाएं। साथ ही आईटीआई से पास आउट हुए प्रशिक्षुओं का डेटा राज्य के उद्योग संस्थानों को उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल पोर्टल का निर्माण किया जाएं। साथ हर जिला में रोजगार के बड़े मेले लगाएं जाए। बकायदा इसके लिए विभाग कलेंडर भी जारी करें। ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा निवास में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा की गतिविधियों व उपलब्धियों बारे बैठक ले रहे थे। समीक्षा बैठक में विभाग के मंत्री गौरव गौतम ने पुष्प भेंट करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री के सक्षम कौशल निदेशालय निदेशक वन्दना दिसोदिया द्वारा प्रस्तुति के माध्यम से विभाग की गतिविधियां व उपलब्धियां भी प्रस्तुत की गई।

**स्वर्ण पदक जीतने पर मुकेश सम्मानित : चंडीगढ़।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले सीनियर रिसर्च ऑफिसर मुकेश शर्मा को खेलमंत्री गौरव गौतम ने सम्मानित किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने मुकेश शर्मा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

## सूचना

नागरिक अस्पताल, फतेहाबाद में जेएसएसके योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अथवा निम्नानुसार आरओपी की स्वीकृति के अनुसार ऑन-कॉल आधार पर (24×7) विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र. सं. | विशेषज्ञता | योग्यता | दर (आरओपी के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| 1 | स्त्री रोग विशेषज्ञ | डीजीओ/डीएनबी/एमडी | 3500/- प्रति केस |
| 2 | एनेस्थेटिस्ट | डीए/डीएनबी/एमडी | 3000/- प्रति केस |
| 3 | बाल रोग विशेषज्ञ | डीसीएच/डीएनबी/एमडी | 2500/- प्रति केस |

*आवेदक 15.04.2026 तक अप. 5:00 बजे तक (दस्ती तौर पर अथवा डाक द्वारा) आवेदन कर सकते हैं।
*नियम एवं शर्तें कमरा नंबर 2, नागरिक अस्पताल, फतेहाबाद से प्राप्त किए जा सकते हैं।

हस्ता/- चिकित्सा अधीक्षक,
नागरिक अस्पताल, फतेहाबाद

पीआरडीएच-1058/11/1324/2026/44183/88/6 दि. 25.03.26

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :—

SW/JSO/1459 + 1460

हमकि (1) राजबीर पुत्र रामकरण पुत्र रामसरूप (2) अमित कुमार पुत्र जगदीश पुत्र रामकर्ण, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022—23, के अनुसार खेवट न0 384 मिन/289, खाता न0 396 मिन, मु0 न0 11, किला न0 16/2(7—0), 17/2(7—13), 24(8—0), 25/1(3—14), मु0 न0 15, किला न0 3(8—0), 4(8—0), 7(8—0), 8(8—0), किते 8, तादादी रकबा 58 कनाल 7 मरले सालम भाग (जिसमें राजबीर 1/2 भाग व अमित कुमार 1/2 भाग) व खेवट न0 386/290, खाता न0 398, मु0 न0 11, किला न0 16/1(0—8), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 8 मरले का 2/3 भाग, बकदर 0 कनाल 5.33 मरले (जिसमें राजबीर 1/3 भाग व अमित कुमार 1/3 भाग), उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 58 कनाल 12.33 मरले (7.3270625 एकड़) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 58 कनाल 12.33 मरले (7.3270625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 25.03.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0—285, सैक्टर—14,
गुरूग्राम — 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## बिना सुनवाई बिजली चोरी का आकलन अवैध : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने बिजली चोरी के मामलों में एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए स्पष्ट किया है कि धारा 135 के तहत आकलन करते समय भी संबंधित प्राधिकरण उपभोक्ता को प्रतिकूल सामग्री से अवगत कराए बिना और सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई आदेश पारित नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि किसी भी प्रकार की सिविल देयता तय करने की प्रक्रिया प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप ही होनी चाहिए, अन्यथा वह आदेश कानून में टिक नहीं सकता। जस्टिस जगमोहन बंसल ने रतन सहित याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं, जो विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े हैं, ने बिजली विभाग द्वारा जारी चेकिंग रिपोर्ट, आकलन आदेश और कंपाउंडिंग नोटिस को चुनौती दी थी। उनका आरोप था कि विभाग ने बिना कारण बताओ नोटिस जारी किए, बिना साक्ष्य साझा किए और बिना सुनवाई का मौका दिए सीधे आदेश पारित कर दिए। अदालत ने विद्युत अधिनियम की धारा 126 और 135 के परविधान का विश्लेषण करते हुए स्पष्ट अंतर बताया।



- कोर्ट ने कहा, धारा 135 के मामलों में भी उपभोक्ता को नोटिस व साक्ष्य दिखाना जरूरी, आदेश रद्द

## भूमि सौदे में तथ्य छिपाना सिविल विवाद नहीं, आपराधिक मामला भी

**एम्मार को झटका**

- कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के केस में हाईकोर्ट का दखल से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने रियल एस्टेट कंपनी एम्मार इंडिया लिमिटेड और उसके अधिकारियों के खिलाफ गुरुग्राम में दर्ज धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की एफआईआर को रद करने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यापारिक समझौते में जानबूझकर महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है तो उसे केवल दीवानी (सिविल) विवाद मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद एम्मार इंडिया और उसके उन अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिन्होंने रियल एस्टेट के व्यापारिक समझौते में धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने का काम किया है। एम्मार इंडिया लिमिटेड के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पुलिस जांच में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

यह विवाद सिनर्जी फिनहब एलएलपी और एम्मार इंडिया लिमिटेड के बीच एक संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) से जुड़ा है। शिकायतकर्ता कंपनी सिनर्जी फिनहब का आरोप है कि एम्मार इंडिया ने करीब 18 एकड़ जमीन की परियोजना से जुड़े पुराने समझौतों और तीसरे पक्ष के दावों को छिपाकर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

**रपट न. 21 दिनाक 24.03.2026 धारा 194 BNSS थाना रोहडाई**

**नामपता नाश की पहचान हेतु**



माता पिता का नाम - नामालुम
उम्र करीब 50 वर्ष कद 5 फुट 6 इंच
हुलिया - रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, सफेद बाल,
पहनावा - ग्रे रंग की बनियान, नीले रंग की लोयर, हल्की सफेद दाढ़ी

दिनाक 24.03.2026 को एक लावारिस नाश उम्र करीब 50 वर्ष दीपक होटल गाव खेडा आलमपुर के पास बिमारी से मौत हुई है। जिसको पहचान हेतू GH रेवाडी में डैड हाऊस मे बराऐ शिनाख्त 72 घंटे के लिए रखवाया है अगर किसी के इलाका थाना मे उक्त हुलिया अनुसार गुमशुदगी दर्ज हो या किसी को इसके बारे में पता हो तो इसकी सुचना निम्न मोबाईल न. पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना रोहडाई मो. न. 7056666131**
**अनुसधान कर्ता - ASI हरमेन्द्र न. 881 मो.न. 9992770667**
**कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी 01275225156, 9306952004**

पीआरडीएच-1084/11/4619/2026/44186/88/6 दि. 25.03.2026

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 61 दिनांक 21.03.26 धारा 127 (6) BNS थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - छत्तर सिंह
पति/पिता का नाम पुत्र मांगे राम
पत्ता- रेड्डवास जिला झज्जर हाल शास्त्री नगर रोहलक
उम्र-29 वर्ष
कद-5 फुट 8 इंच
हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ पर VACCINATION SCAR है।

दिनाक 06.02.26 को छत्तर सिंह पुत्र माँगे राम निवासी रेढ्ढवास जिला झज्जर हाल शास्त्री नगर रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9034985356
4. ईन्चार्ज चौकी औल्ड सब्जी मण्डी रोहतक-7082999135

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 116 दिनांक 22.03.26 धारा 140 (3) BNS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम प्रिया
पति/पिता का नाम पुत्री नरेश
पत्ता-गोकुल कालोनी नजदीक बालचन्द चौक जिला रोहतक
उम्र- 16 वर्ष
कद-4 फुट 6 इच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर
पहनावा सफेद रंग की टीशर्ट व नीले रंग की जिन्स व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 21.03.26 को प्रिया पुत्री नरेश निवासी गोकुल कालोनी नजदीक बालचन्द चौक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
4. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8700136711

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग सख्या 46 दिनाक 22.03.26 धारा 127(6) BNS थाना पी.जी.आई.एम.एस. जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - अनीता
पिता/पति का नाम - पुत्री जय नन्दराम
पता- उत्तराखण्ड हाल गाँधी कैम्प जिला रोहतक।
उम्र-22 वर्ष
कद-5 फुट 2 ईच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर

दिनाक 21.03.26 को अनीता पुत्री श्री जय नन्दराम निवासी उत्तराखण्ड हाल गाँधी कैम्प थाना पी.जी.आई.एम.एस. जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक - 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 8950515583

पीआरडीएच-1084/11/4617/2026/44166/88/6 दि. 25.03.2026

## मैकेनिकल इंजीनियर को बिल्डिंग इंस्पेक्टर बनाया ट्रांसफर आदेश रद्द

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि किसी कर्मचारी को उसकी शैक्षणिक योग्यता और निर्धारित कैडर से बाहर पोस्ट करना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि जनहित के भी खिलाफ हो सकता है। कोर्ट ने महेंद्र सिंह नामक याचिकाकर्ता के मामले में 10 अगस्त 2022 के ट्रांसफर आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ के समक्ष यह मामला आया, जिसमें याचिकाकर्ता को जूनियर इंजीनियर (मैकेनिकल) के पद से हटाकर नगर निगम पानीपत में बिल्डिंग इंस्पेक्टर के पद पर स्थानांतरित किया गया था। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि यह पोस्टिंग न केवल उसकी योग्यता के विपरीत है, बल्कि हरियाणा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन सर्विस रूल्स, 1998 का भी उल्लंघन है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुरजाखेड़ा को झटका जमानत याचिका खारिज

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से जुड़े कथित करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व विधायक रामनिवास सुरजा खेड़ा को कोई राहत नहीं देते हुए उसकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस त्रिभुवन दहिया की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि आरोपित जमानत के लिए निर्धारित कानूनी कसौटियों पर खरा नहीं उतर पाया और इस स्तर पर उसे रिहा नहीं किया जा सकता। अदालत के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पेश तथ्यों के अनुसार, मामला वर्ष 2015 से 2019 के बीच एचएसवीपी के बैंक खाते से करीब 70 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि यह खाता विभागीय रिकार्ड में दर्ज ही नहीं था और इसके माध्यम से सुनियोजित तरीके से फर्जी भुगतान किए गए।

## हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.106/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 17.02.2026 (ONLINETENDERIDNO.2026_HBC_503008_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NITNO.84/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 15.01.2026 (ONLINETENDERIDNO. 2026_HBC_497031_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NITNO.103/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 12.02.2026 (ONLINETENDERIDNO. 2026_HBC_502236_1) | बोली खुलने की तिथि 25.03.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 08.04.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/44190/I/88/6 दि. 25.03.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट्स, पीओई स्विचेज, और पैसिव उपकरण की अधिप्राप्ति (रोहतक)। | 24.03.2026 22.04.2026 | ईएमडी रु. 3,00,000/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | विश्वविद्यालय डेटा सेंटर एप्लीकेशन डॅवलपमेंट और उत्पादकता इको सिस्टम के लिए अपेक्षित आवश्यक सॉफ्टवेयर लाइसैंसेज और डॅवलपमेंट टूल्स की अधिप्राप्ति (रोहतक)। | 24.03.2026 23.04.2026 | ईएमडी रु. 1,64,000/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एक नई एडवांस टेक्नोलॉजी परफैक्ट बाइंडर मशीन की खरीद (रोहतक)। | 24.03.2026 16.04.2026 | रु.11.00 लाख (जमा जीएसटी अतिरिक्त) | https://mdu.ac.in | 9467316611 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2026/80/44178/I/88/6 दि. 25.03.26

## DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL

Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)
01282-257233 email: dmhfd-nrl@hafed.gov.in

### E-Tender

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced transport contractor for handling and transportation/distribution of foodgrains under Anganwari Scheme and MDM scheme for Mahendergarh district for the period from 01.04.2026 to 31.03.2027 as per scheduled given below: -

| S. No. | Particulars | For Anganwari scheme | For MDM scheme |
|---|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 27.03.2026 (11.00 AM) to 07.04.2026 (5.00 PM) | From 27.03.2026 (11.00 AM) to 07.04.2026 (5.00 PM) |
| 2 | Online submission of Bid | Up to 08.04.2026 (5.00 PM) | Up to 08.04.2026 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 09.04.2026 at 11.30 AM | On dated 09.04.2026 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 09.04.2026 at 2.30 PM or as decided by the committee. | On dated 09.04.2026 at 2.30 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

District Manager, Hafed, Narnaul.

## जीरकपुर-पंचकूला बाईपास के लिए पेड़ काटने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

- याचिका पर केंद्र, हरियाणा व पंजाब सरकार को नोटिस
- हाईवे पंजाब से शुरू होकर हरियाणा से गुजरेगा

**चंडीगढ़।** जीरकपुर-पंचकूला बाईपास परियोजना के लिए 100 वर्ष से अधिक पुराने हजारों पेड़ काटने का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र, हरियाणा व पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि यह हाईवे पंजाब से शुरू होकर हरियाणा होते हुए गुजरेगा, जिसके चलते करीब सात हजार पेड़ों की कटाई का खतरा है। इनमें से कई पेड़ 100 वर्ष से अधिक पुराने बताए गए हैं। सुनवाई के दौरान यह भी दलील दी गई कि पंचकूला के एक विकसित गोल्फ कोर्स क्षेत्र में लगभग 14 हजार पेड़ों की हरियाली मौजूद है, जहां से हाईवे गुजरने की योजना है। इस कारण गोल्फ कोर्स के कई हिस्सों विशेषकर चार होल, निर्माण कार्य में प्रभावित होंगे और करीब तीन हजार पेड़ों की कटाई संभावित है। इसके अलावा पंचकूला के सेक्टर-1ए की ग्रीन बेल्ट, जहां वन्यजीवों की मौजूदगी बताई गई, वहां भी लगभग दो हजार पेड़ों के प्रभावित होने की आशंका जताई गई।

# दूसरे दिन भी टावर से नहीं उतरा स्कूल संचालक, ग्रामीण जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव असावरपुर में मंगलवार को अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के विरोध में करीब 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़े स्कूल संचालक सुनील दूसरे दिन भी नीचे नहीं उतरे। बुधवार को परिवार ने व्यक्ति से मोबाइल पर बात करवाई, तो सुनील ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुहार लगाई कि असावरपुर के लोगों को न्याय दिलाया जाए। साथ ही प्रशासन के उच्च अधिकारी लिखित में आश्वासन दें तो वह नीचे उतरने के लिए तैयार है। सुनील ने बताया कि उसने नवरात्र के व्रत रखे हुए हैं। ऐसे में बिना खाए पीये व्यक्ति ने चक्कर आने की बात भी कही है। उधर बुधवार को गांव में असावरपुर, पतला, सेवली, बढ़मलिक, प्रीतमपुरा के ग्रामीण एकत्रित हुए। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2005 में एजुकेशन सिटी के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की जमीन का अधिग्रहण किया था। उन्हें मुआवजे के साथ ही अन्य जगह जमीन देने का आश्वासन दिया था। कुछ ग्रामीणों ने मुआवजा उठा लिया था, जबकि करीब 150 घरों के लोगों ने मुआवजा लेने से इनकार कर दिया था। उन्हें दूसरी जगह जमीन भी नहीं मिली है। पीड़ित परिवार 1962 से उक्त जमीन पर स्कूल चला रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को सुनील के स्कूल के 12 पुराने कमरे तोड़े थे, लेकिन उसके टावर पर चढ़ने के बाद कार्रवाई रोक दी थी।




## नवरात्र पर विशेष



### अष्टम-महागौरी

भगवती दुर्गा का आठवां स्वरूप महागौरी कहलाता है। देवी के इस सौम्य और सात्विक स्वरूप की लोक कामना की जाती है, इसलिए दुर्गाष्टमी के दिन इस स्वरूप की आराधना के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। भगवान शिव की घोर तपस्या करके देवी ने शंख, इन्दु और कुंद के समान गौरवर्ण प्राप्त किया था, इसलिए वह महागौरी कहलाती हैं। महागौरी के वस्त्राभूषण श्वेत, स्वच्छ हैं। वह सुवासिनी, शांत और निर्मल चित्त वाली शांत मुद्रा में हैं। उनके एक हाथ में डमरू तो दूसरे हाथ में त्रिशूल है। इनका वाहन वृषभ (बैल) है। महागौरी ने शुम्भ नामक दानव का संहार किया था। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना का मंत्र है-

*श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥*

31 मार्च तक लागू करनी होगी जिलास्तरीय कार्ययोजना

# नशे पर नकेल : 144 आरोपियों की 13.59 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

**12.25 प्रतिशत** ज्यादा एफआईआर 2024 में 3330 2025 में 3738

**15.72 प्रतिशत** ज्यादा गिरफ्तारी 2024 में 6095 2025 में 7053

**37.39 प्रतिशत** बड़े नशा तस्करों की अंतरराज्यीय गिरफ्तारियां ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए समन्वित एवं तकनीक आधारित रणनीति अपनाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई 12वीं राज्यस्तरीय नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की बैठक में राज्य की प्रगति की समीक्षा की गई और कार्ययोजना तय की गई। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में प्रवर्तन कार्रवाई में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान एफआईआर की संख्या 3330 से बढ़कर 3,738 हो गई, जो 12.25 प्रतिशत ज्यादा है। मध्यम मात्रा से जुड़े मामले 1,985 से बढ़कर 2,610 हो गए, जो 31.49 प्रतिशत की वृद्धि है। व्यावसायिक मात्रा के मामलों में अंतरराज्यीय गिरफ्तारियां 444 से बढ़कर 610 हो गईं, जो 37.39 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती हैं। निरोधात्मक कार्रवाई की संख्या 12 से बढ़कर 76 हो गई, जो पांच गुना से अधिक वृद्धि है। मादक पदार्थ नेटवर्क के वित्तीय स्रोतों पर भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 में 144 आरोपियों की संपत्तियां कुर्क की गईं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 54 थी। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 7.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 13.59 करोड़ रुपये हो गया, जो लगभग 80 प्रतिशत वृद्धि है।

### मुख्य सचिव ने ली राज्यस्तरीय एनसीओआरडी बैठक



चंडीगढ़। एनसीओआरडी की बैठक में मौजूद अधिकारी।

### फॉरेंसिक में नई व उन्नत मशीनें आएंगी

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का मुख्यालय मधुबन (करनाल) से पंचकूला स्थानांतरित करने के एक प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। पंचकूला में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के लिए समर्पित थाना स्थापित करने की भी योजना है। फॉरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए जीसी-एमएस, जीसी-एफआईडी और यूवी-एचपीएलसी जैसी उन्नत मशीनें स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही प्रेगाबालिन, सिग्नेचर कैप्सूल और टैपेंटाडोल जैसी दवाओं को एनडीपीएस ढांचे में लाने का सुझाव भी दिया गया।

### इन बिंदुओं पर विचार

* सिरसा में 3 माह में 1,737 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण, 18 प्रतिशत में सीसीटीवी खराब मिले।
* नशे से जुड़ी गतिविधियों में बार-बार संलिप्त पाए गए 63 नशा अपराधियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बंद की गई है।
* खाद्य एवं औषधि प्रशासन को प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की निगरानी के लिए विशेष सॉफ्टवेयर विकसित करने के लिए कहा।
* जिला स्तर पर कार्य-योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिन्हें 31 मार्च, 2026 तक लागू किया जाएगा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अगले महीने एक ही दिन सभी जिलों में बैठकें आयोजित की जाएं।
* मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित प्रहरी क्लबों को सक्रिय भूमिका निभाने और नशा तस्करों की सूचना साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सर्वाधिक सटीक सूचना देने वाले क्लबों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

अंबाला व कुरुक्षेत्र में आत्महत्या के दो मामले, महिला व युवती ने दी जान

# बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 17 लाख कर्ज लिया, एजेंट ने नहीं भेजा तो मां ने किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



वीजा एजेंट से परेशान महिला ने जहरीला पदार्थ निगलकर जान दे दी। महिला अपने 21 वर्षीय बेटे को विदेश भेजना चाहती थी। एजेंट ने 20 लाख रुपये की डिमांड की तो महिला ने एक आढ़ती से 17 लाख रुपये उधार लेकर एजेंट को दिए। रुपये लेने के बाद एजेंट 3 महीने तक ऑस्ट्रेलिया भेजना का झूठा आश्वासन देता रहा। परिवार का कहना है कि एजेंट ने बाद में रुपये और बेटे के डॉक्यूमेंट लौटाने से भी मना कर दिया। इससे आहत होकर मलकीत कौर ने सुसाइड कर लिया।

महिला मलकीत कौर (44) कुरुक्षेत्र के अधोया गांव की रहने वाली थी। मलकीत कौर के पति बलविंद्र सिंह गांव में खेती-बाड़ी करते हैं। बेटी शगुनप्रीत कौर भी कनाडा में ही रहती है। बलविंद्र सिंह का कहना है कि बेटी के बाद अब वे बेटे जश्नप्रीत को भी विदेश भेजना चाहते थे। बलविंद्र सिंह ने बताया कि बेटी शगुनप्रीत ने जश्नप्रीत का वीजा लगवाने के लिए करीब 4 माह पहले उन्हें चंडीगढ़ में एक वीजा सेंटर के ऑफिस में भेजा। वीजा सेंटर पर उनकी मुलाकात काजोल, इशिता और अमन नाम के एजेंट से हुई। बलविंद्र सिंह ने बताया कि इन लोगों ने बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 25 लाख रुपये मांगे। तब 20 लाख रुपये उन्होंने एडवांस दिए थे। जिसमें 2 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए अकाउंट में डाल दिए और 18 लाख रुपये उन्हें कैश में दे दिए। इसके बाद एजेंट ने न तो विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए।

# डॉक्टर ने जहरीला इंजेक्शन लगा दी जान

■ अंबाला की महिला डॉक्टर देहरादून से कर रही थी एमएस, एचओडी पर परेशान करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन की रहने वाली 26 वर्षीय डॉक्टर तनवी ने जहरीला इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली। वह देहरादून के श्री गुरु राम राय मेडिकल कॉलेज से मास्टर ऑफ सर्जरी की पढ़ाई कर रही थी। पिता डॉ. ललित मोहन की ओर से देहरादून पुलिस को एक शिकायत दी गई है जिसमें कॉलेज की एचओडी पर तनवी को परेशान करने के आरोप लगाए गए हैं। उससे कई बार रुपये की डिमांड भी की गई। पिता ने बताया कि 24 मार्च की रात उन्होंने तनवी को कॉल किया था लेकिन फोन पिक न होने पर वे देहरादून पहुंच गए।

यहां इंद्रेश अस्पताल के पास ही उन्हें तनवी का कार खड़ी दिखाई दी। ड्राइविंग सीट पर बैठी तनवी के हाथ में कैनुला लगा था। पास में इंजेक्शन की एक बोतल भी पड़ी हुई थी। परिजनों ने शीशा तोड़कर बेटी को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिता ललित मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तनवी सितंबर 2023 से एसजीआरआर कॉलेज से ऑप्थल्मोलॉजी (आंखों के रोग) से एमएस कर रही थी। दिसंबर 2025 तक उसकी पढ़ाई ठीक चल रही थी, लेकिन इसके बाद उसके डिपॉर्टमेंट में डॉ. प्रियंका गुप्ता को नया एचओडी बनाया गया। डॉ. ललित का आरोप है कि डॉ. प्रियंका बेटी को परेशान कर रही थी। उनका आरोप है कि तनवी को उसके परीक्षा में अच्छे नंबर मिलते थे बाद में उसके लॉग बुक में अचानक कम या जीरो नंबर दिए जाने लगे। बेटी को फाइनल परीक्षा में भी फेल करने की धमकी भी दी गई। उसने परिवार को इसकी जानकारी दी।

# नकल के 8 केस दर्ज, दो शिक्षक ड्यूटी से रिलीव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रदेशभर में आयोजित करवाई गई सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) ललित कला व सेकेंडरी कक्षा के रद्द हुए विषयों की पुनः परीक्षा नकल रहित सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुई। हालांकि इस दौरान भिवानी में नकल के 8 केस दर्ज हुए तथा 2 उप-केन्द्र अधीक्षक को कार्यभार मुक्त किया गया। भिवानी में परीक्षा केन्द्र बाल हितकारी व.मा.वि., बड़ेसरा पर नियुक्त उप-केन्द्र अधीक्षक सुरूची राजपूत, अंग्रेजी प्रवक्ता, रा.क.व.मा.वि., खरक कलां को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कार्यभार मुक्त किया गया। परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., रतेरा पर नियुक्त उप-केन्द्र अधीक्षक सुमन, संस्कृत प्रवक्ता, रा.व.मा.वि., सूई को परीक्षा ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया। अब प्रदेशभर में 27 मार्च को संचालित होने वाली सीनियर सेकेंडरी की भूगोल विषय की परीक्षा में 926 केन्द्रों पर 50465 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

# जुलाना में भट्ठा संचालक से मांगी 2 करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे के जींद-रोहतक मार्ग पर स्थित ओम भट्ठा के संचालक से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित भट्ठा संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भठ्ठा संचालक अनूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को दोपहर बाद उसके मोबाइल फोन पर एक व्हाट्सएप कॉल आई और उससे दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। उसी दिन रात दोबारा उसी नंबर से कॉल आई। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

बता दें कि 17 मार्च को जुलाना की पुरानी अनाजमंडी में एक व्यापारी के अपहरण करने का प्रयास किया गया था। हालांकि पुलिस ने आरोपितों को कड़ी मशक्त के बाद काबू कर लिया था। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोशन ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि एक भट्ठा संचालक को धमकी दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## गुरुग्राम में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**गुरुग्राम।** एक बार फिर शहर के एक नामी स्कूल पाथवे वर्ल्ड को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मेल आते ही स्कूल प्रशासन ने तुरंत स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी। पुलिस और बम डिस्पोजल स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और परिसर की गहन जांच शुरू की। एक दिन पहले ही हरियाणा के 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में पुलिस ने एक बंग्लादेशी नागरिक सौरभ विश्वास उर्फ माइकल को गिरफ्तार किया था। वह 9 साल पहले भारत आया था और फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनवाकर रह रहा था। पुलिस आरोपी को गुजरात से पकड़ कर लाई।

## कर्मवीर बौद्ध ने राहुल गांधी को दी राज्यसभा चुनाव की पूरी जानकारी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस की ओर से जीते राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पीसीसी चीफ राव नरेंद्र और कांग्रेस मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद के साथ में राहुल गांधी से मिलने पहुंचे। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के सामने चुनाव संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद तथा कांग्रेस के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख गुरदीप सिंह सप्पल भी शामिल रहे।




**सफलता** एआई तकनीक से कोड लिखने, जांच और सुधार की प्रक्रिया हो रही सरल

# एआई से तैयार होंगे पूरे सॉफ्टवेयर, अमेजन के साथ तकनीक बना रहे हरियाणा के सचित कुहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के क्षेत्र में पूरे विश्व में हरियाणा के युवा शोधकर्ता सचित कुहाड़ अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। वे ऐसी एआई तकनीक पर काम कर रहे हैं, जो सॉफ्टवेयर बनाने की पूरी प्रक्रिया को आसान और व्यवस्थित बनाने में मदद कर रही है। उनका उद्देश्य सॉफ्टवेयर विकास में लगने वाले समय को कम करना और गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।

आईआईटी गुवाहाटी के पूर्व छात्र और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर विज्ञान में पढ़ाई कर चुके सचित कुहाड़ इस समय अमेज़न वेब सर्विसेज के एआई विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने कई महत्वपूर्ण एआई प्रणालियों के विकास में अहम योगदान दिया है। उनके काम का मुख्य केंद्र ऐसे तंत्र तैयार करना है, जो डेवलपर्स को सॉफ्टवेयर बनाने के हर चरण में सहायता दे सके।

सचित कुहाड़ ने जिस तकनीक पर काम किया है, उसमें एआई साधारण भाषा में दिए गए विचार को समझकर उसे चरणबद्ध तरीके से सॉफ्टवेयर के रूप में बदलने में मदद करता है। यह प्रक्रिया पहले आवश्यकता तय करने से शुरू होती है, फिर डिजाइन तैयार होता है और उसके बाद कोड लिखा जाता है। इसके साथ ही एआई स्वयं कोड की जांच करता है और उसमें सुधार भी करता है, जिससे काम अधिक सटीक और भरोसेमंद बनता है। उन्होंने उन प्रणालियों के विकास में भी योगदान दिया है, जिनमें एआई अपने बनाए गए कोड की गलती पहचानकर खुद उसे ठीक करने की क्षमता रखता है। इससे डेवलपर्स का काम आसान होता है और समय की बचत होती है।

### इन प्रमुख प्रोजेक्ट पर भी किया काम



सचित कुहाड़ ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के लिए एआई की तीन प्रमुख लहरों में योगदान दिया है। इनमें कोड व्हीसपरर (एंटरप्राइज कोड जनरेशन), अमेजन क्यू डेवलपर (एजेंट आधारित सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) और कीरो (स्पेसिफिकेशन आधारित एजेंटिक आईडीई, जो आइडिया को प्रोडक्शन स्तर के सॉफ्टवेयर में बदलने में मदद करता है)।

### सामान्य डेवलपर भी बना सकेंगे सॉफ्टवेयर

शोध के क्षेत्र में भी सचित कुहाड़ का काम महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने एक ऐसा मानक तैयार किया है, जिससे यह परखा जा सकता है कि बदलती तकनीक के अनुसार एआई कितना सही कोड तैयार कर रहा है। सचित कुहाड़ का मानना है कि आने वाले समय में एआई की मदद से सॉफ्टवेयर बनाना और अधिक आसान हो जाएगा। इससे बिना गहरी तकनीकी जानकारी वाले लोग भी अपनी जरूरत के अनुसार सॉफ्टवेयर तैयार कर सकेंगे। साथ ही, जांच और सुधार की प्रक्रिया भी काफी हद तक अपने आप होने लगेगी। इससे काम बेहद आसान हो जाएगा।

- ईंधन के नाम से वसूली अनुचित व्यापार गतिविधियां
- ऐसे मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी
- मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं

## केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने दी चेतावनी

# एलपीजी के नाम पर होटल, रेस्टारेंट ने ज्यादा शुल्क वसूला तो खैर नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने बुधवार को होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। प्राधिकरण ने कहा कि ये अनुचित व्यापार गतिविधियां हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां करार दिया है और बताया है कि 'मेन्यू' में उल्लेखित मूल्य में केवल लागू कर ही जोड़े जा सकते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीसीपीए ने ''होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने को संज्ञान में लिया है।''

### दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा

सीसीपीए ने पाया कि सेवा शुल्क संबंधी मौजूदा दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर ऐसे शुल्क लगाए जा रहे हैं। प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 10 के तहत एक परामर्श जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि ऐसे कोई भी शुल्क स्वतः नहीं लगाए जाएंगे और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।







### होटल या रेस्तरां स्वतः नहीं जोड़ सकते शुल्क

प्राधिकरण ने कहा कि अलग से अनिवार्य शुल्कों के माध्यम से ऐसी लागत की वसूली अधिनियम की धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार गतिविधियां है। सीसीपीए ने सलाह दी, ''कोई भी होटल या रेस्तरां बिल में स्वतः ही 'एलपीजी शुल्क', 'गैस शुल्क' या इसी तरह के शुल्क नहीं जोड़ेगा।''

### उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है

इस तरह की गतिविधियों से पारदर्शिता की कमी होती है और उपभोक्ताओं पर अनुचित लागत का बोझ पड़ता है। सीसीपीए ने स्पष्ट किया कि ईंधन, एलपीजी, बिजली और अन्य परिचालन व्यय जैसी कच्चे माल की लागत कारोबार चलाने की लागत का हिस्सा हैं और इन्हें 'मेन्यू आइटम' की कीमत तय करते समय शामिल किया जाना चाहिए।

### कुछ होटल, रेस्तरां पेय पदार्थों के अतिरिक्त शुल्क जोड़ रहे

बयान में कहा गया, ''राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर प्राप्त शिकायतों और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर, सीसीपीए ने पाया है कि कुछ होटल और रेस्तरां मेन्यू में प्रदर्शित खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों की कीमत और लागू करों के अतिरिक्त, उपभोक्ता बिल में ऐसे अतिरिक्त शुल्क स्वतः ही जोड़ रहे हैं।''

### *मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम होगी*

*मेन्यू में प्रदर्शित कीमत अंतिम कीमत होनी चाहिए, जिसमें लागू कर शामिल नहीं हैं। प्राधिकरण ने कहा, ''उपभोक्ताओं को गुमराह नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें किसी भी ऐसे अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के लिए बाध्य किया जाएगा...।''*

### *अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है*

*सीसीपीए ने कहा कि इस प्रकार के सभी शुल्क, चाहे उनका नाम कुछ भी हो, सेवा शुल्क या अतिरिक्त शुल्क की श्रेणी में आते हैं और इन्हें स्वतः रूप से वसूलना चार जुलाई, 2022 को जारी सीसीपीए दिशानिर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।*

## वनप्लस इंडिया के सीईओ लियू ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** चीनी मोबाइल फोन विनिर्माता कंपनी वनप्लस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉबिन लियू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब वह लगातार घट रही बिक्री को फिर से सुधारने की कोशिश कर रही है। कंपनी ने कहा, 'हम रॉबिन के वनप्लस इंडिया में योगदान के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। अब वह अपने व्यक्तिगत रुचियों को आगे बढ़ाएंगे। हम उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। वनप्लस इंडिया का संचालन स्थानीय रणनीति के साथ लगातार जारी रहेगा। साइबरमीडिया रिसर्च रिसर्च के अनुसार, लियू के कार्यकाल में 2025 में कंपनी की बिक्री में 32 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## रुपया 29 पैसे टूटकर 94.05 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को 29 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 94.05 पर आ गया। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशक चिंतित हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा के बावजूद स्थानीय मुद्रा को कोई राहत नहीं मिल सकी।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 66 दिनांक 24.03.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सैक्टर 27 जिला सोनीपत ।



**गुमशुदा की पहचान**

नाम कन्चन ।
पिता का नाम सुनील कुमार ।
पता वासी जनता कालोनी जिला सोनीपत ।
उम्र 26 वर्ष
कद 5 फुट 2 ईन्च ।
हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर, दायें गाल पर तिल निशान है।
पहनावा - परपल रंग का सुट-सलवार, पैरों में जुती पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 23.03.2026 को कन्चन पुत्री सुनील कुमार वासी जनता कालोनी जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना 7419410535
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9466009965
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/4620/2026/44204/88/6 दि. 25.03.2026



**सूचना**

मैं, प्रदीप पुत्र रामरतन निवासी गांव मिर्जापुर खेड़ी, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा) बयान करता हूं कि मैं मेरे नाबालिग पुत्र का नाम बेबी से बदलकर अद्विक करना चाहता हूं। यदि ऐसा करने के पश्चात कोई गैर-कानूनी गतिविधि पाई जाती है तो मैं स्वयं जिम्मेदार हूंगा। मेरी पत्नी श्रीमती रीतु को इस बारे में कोई आपत्ति नहीं है।



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S N | Lot No | Description | Auction Start date time |
|---|---|---|---|
| 1 | PARKING-UMB-SSW-MX-131-26-1 | सरसावा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 407.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | ADVT-Int-250749-2-26-1 | ट्रेन संख्या 20493/94 (सीडीजी-एमडीयू-सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 3 | MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट-योजना के अनुसार) | 06.04.2026 12.00.00 hrs |
| 4 | PARKING-UMB-SML-MX-132-26-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर बाबा भाल्कू रेल संग्रहालय के अंदर 2071.57 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला व्यापक पार्किंग लॉट (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 5 | MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-1 | अंबाला मंडल के लेहरा गागा (एलएचए) रेल्वे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 6 | MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-1 | अंबाला मंडल के सनम उधम सिंह वाला (एसडीएमयू) रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |
| 7 | MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-1 | अंबाला मंडलू के धुरी (डीयूआई) रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12'X8' अर्थात 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार) | 08.04.2026 12.00.00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1008/26


# चांदी में 11,250 रुपए का आया उछाल, सोना 4,900 रुपये चढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- चांदी उछलकर 2.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना तेजी के साथ 1.49 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर



मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की तेजी आई। इस तेजी के कारण चांदी 11,250 रुपये चढ़कर 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा।

चांदी की कीमत 11,250 रुपये या 4.89 प्रतिशत बढ़कर 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 4,900 रुपये या 3.38 प्रतिशत बढ़कर 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में सोने का पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। जो हाल के सत्रों में एक मजबूत सुधार का संकेत है। इसे बेहतर भू-राजनीतिक माहौल से बल मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 82.17 डॉलर या लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,556.55 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत की तेजी के साथ 72.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोने में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और यह लगभग 4,550 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि निवेशकों को अमेरिका के साथ ईरान के संभावित संघर्षविराम की उम्मीद जगी है, जिसके कारण कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों में गिरावट आई है।

### *ईरान के पारगमन शुल्क लेने से अनिश्चितता बढ़ी*

*हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार किया है, और एक सैन्य प्रवक्ता ने बातचीत के दावों को खारिज कर दिया है। इस बीच, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कुछ व्यापारिक जहाजों पर पारगमन शुल्क लेना भी शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और बढ़ गई है।*


**THE HARYANA COOPERATIVE SUGAR MILLS LTD.**
**BHALI ANANDPUR, ROHTAK**
E-mail: rtk.sugar@gmail.com., website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01262-250641, 250800

**ई-निविदा सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि०, भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवं पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं:-आईट्मस का विवरण:-

1. पावर एक्सपोर्ट कन्ट्रोल एवं ग्रीड पावर फेक्टर कन्ट्रोल सिस्टम की खरीद व स्थापित करने का कार्य ठेके पर करवाना ।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल **etenders.hry.nic.in** पर उपलब्ध हैं। सभी निविदाएं दिनांक 02.04.2026 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल **etenders.hry.nic.in** पर जमा की जाएंगी एवं तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 02.04..2026 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता सभी मदों के लिए अपनी दरे न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 02.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं0- 9034698711 या 7027481000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- मुख्य लेखा अधिकारी
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद 1039/11/124/2026/44208/C/88/6 दि. 25.03.2026



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ा निवेशकों की संपत्ति आठ लाख करोड़ रुपए बढ़ी



**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा।

इस दौरान निवेशकों की संपत्ति में आठ लाख करोड़ रुपए का इजाफा दर्ज किया गया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच कच्चे तेल के दाम में कमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के साथ घरेलू शेयर बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक बढ़कर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.05 अंक बढ़कर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.07 प्रतिशत टूटकर 99.19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार और पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद बढ़ने से शेयर बाजारों में तेजी बनी रही। अमेरिका और ईरान के बयान में विरोधाभास के बावजूद, दोनों देशों के बीच संभावित राजनयिक प्रगति के कारण कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आ गईं, जिसका बाजार ने स्वागत किया।''


## राशिफल


**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।


**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।


**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।


**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।


**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।


**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार में डाबरा फ्लाई ओवर से तोशाम रोड आईटीआई डिस्पोजल तक स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल लाइन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 30.03.2026 | रु. 131.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237884 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/44198/I/88/6 दि. 25.03.26



**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 59-अम्बाला/2025-26 दिनांक 25.03.2026**

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला डिवीजन के स्टेशन, स्टेशन के बीच के क्षेत्र और रेलवे कॉलोनी आदि के भूमि मानचित्रों के अद्यतन, मिलान, प्रमाणीकरण और कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव। | 56,57,198 | 1,13,200 | 12 महीने | 17.04.2026 |
| 2 | ADEN/RPJ खंड में TFR और अन्य विविध कार्य, स्वीकृत कार्यों के साथ, जिनमें "(I) अंबाला डिवीजन TFR (P)-122.506 Tkm और TFR (P) (केवल रबर पैड और लाइनर)-21.764 Tkm, (II) SSE/DOA खंड में TFR कार्य 3.619 Tkm, (III) SSE/RPJ खंड में TFR कार्य 10.579 Tkm, (IV) UMB-LDH CTR(P)-1.60 Tkm और BTI-SGNR-CTR(P)-0.150 Tkm और RPJ स्टेशन यार्ड में TFR कार्य।" | 1,64,74,050 | 3,29,500 | 12 महीने | 17.04.2026 |
| 3 | अंबाला रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन/ सुधार। | 8,42,84,092 | 16,85,700 | 12 महीने | 17.04.2026 |
| 4 | ADEN/JUDW के अंतर्गत SSE/W/JUDW अनुभाग में जगाधरी कार्यशाला में रेलवे कॉलोनी और RPSF परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। | 4,22,75,788 | 8,45,600 | 12 महीने | 17.04.2026 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई - निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1010/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Haryana Government Gazette**
**EXTRAORDINARY**
**Published by Authority**
© GOVT. OF HARYANA

NO. 42-2026/EXT.] CHANDIGARH, WEDNESDAY, MARCH 18, 2026 (PHALGUNA 27, 1947 SAKA)

**हरियाणा सरकार**
**नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग**
**अधिसूचना**
**दिनांक 18 मार्च, 2026**

**संख्या सीसीपी (एनसीआर) / रेवाड़ी/सीए-जैतपुर शेखपुर/2026/505.-** चूंकि, हरियाणा के राज्यपाल की राय में, नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट तथा इससे संलग्न नक्शे में दर्शाया गया क्षेत्र निर्माण क्रियाकलाप, औद्योगिक, वाणिज्यिक, संस्थागत या आमोद प्रमोद संबंधी सम्पदाओं/ क्रियाकलापों तथा उपरोक्त के सहायक उपयोगों के लिए संभाव्य है;

इसलिए, अब, हरियाणा अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41) की धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट और इसके साथ संलग्न नक्शे में दिखाए गए उक्त क्षेत्र को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों हेतु नियंत्रित क्षेत्र के रूप में घोषित करते है, अर्थात् :-

**अनुसूची**

गांव जैतपुर शेखपुर, खण्ड रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी में नियंत्रित क्षेत्र की सीमा की अनुसूची को ड्राइंग संख्या डी.टी.पी. (आर ई) 738/2026, दिनांक 07 जनवरी, 2026 के साथ पढ़ा जाए।

**उत्तर-पूर्वः** बिंदु 'ए' जोकि गांव जैतपुर शेखपुर (हदबस्त संख्या 260) और गांव करावरा मानकपुर (हदबस्त संख्या 253) की राजस्व सीमाओं के साथ-साथ गुरुग्राम जिले की सीमा का मिलन बिंदु है, से शुरू होकर दक्षिणावर्त दिशा में जिला गुरुग्राम की सीमा के साथ-साथ बिंदु 'बी' तक जोकि म्युनिसिपल टाउन रेवाड़ी के चारों ओर अधिसूचना संख्या सीसीपी (एनसीआर) आरई-एमबीआई आर/सीए-IV/2013/248 दिनांक 23 जनवरी, 2013 के द्वारा पहले से घोषित नियंत्रित क्षेत्र-IV की सीमा पर मिलता है।

**दक्षिणः** तत्पश्चात बिंदु 'बी' से पश्चिम की ओर चलते हुए उपरोक्त पहले से घोषित म्युनिसिपल टाउन रेवाड़ी के चारों ओर नियंत्रित क्षेत्र-IV की सीमा के साथ-साथ बिन्दु 'सी' तक, जोकि गांव जैतपुर शेखपुर (हदबस्त संख्या 260), गांव करावरा मानकपुर (हदबस्त संख्या 253) और गांव चिलहड (हदबस्त संख्या 259) की राजस्व सीमाओं का मिलन बिंदु है।


**पश्चिमः** तत्पश्चात बिंदु 'सी' से उत्तर की ओर चलते हुए गांव जैतपुर शेखपुर (हदबस्त संख्या 260) और गांव करावरा मानकपुर (हदबस्त संख्या 253) की संयुक्त राजस्व सीमा के साथ-साथ बिंदु 'ए' तक, जोकि प्रारम्भ का बिंदु है।

अपूर्व कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग।


(375)

**नोटः** उपरोक्त अधिसूचना से संबंधित नियंत्रित क्षेत्र की ड्राइंग, संदर्भ हेतु विभाग की वेबसाइट (https://www.tcpharyana.gov.in) पर नियंत्रित क्षेत्र से संबंधित प्रभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, उक्त ड्राइंग का निरिक्षण जिला नगर योजनाकार, रेवाड़ी के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर भी किया जा सकता है।

पीआरडीएच 1118/11/183/2026/44169/88/6 दि. 25.03.2026




## शब्द पहेली - 6176



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 6175 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

# कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की अफवाहों के बाद पंपों पर उमड़ी भीड़

## सरकार बोली-नहीं बढ़ेंगे दाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कमी और दाम बढ़ने की अफवाह के बाद लोग पेट्रोल पपों पर पहुंच गए। कई जगह ज्यादा भीड़ के चलते पपों पर पुलिस बुलानी पड़ी। सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों में घबराहट फैल गई। कई जगहों पर लंबी कतारें लग गईं। उधर सरकार ने साफ किया कि न ही पेट्रोल-ड़ीजल के दामों की कोई कमी नहीं है न ही दाम बढ़ने वाले हैं। प्रशासन और पंप संचालकों का साफ कहना है कि कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई भी लगातार जारी है। उधर, असम के कुछ हिस्सों में लोगों ने घबराकर ईंधन खरीदने के लिए पंपों पर पहुंच गए। कई पेट्रोल पंप पर 'ईंधन नहीं है' के साइन बोर्ड लगा दिए गए।

### अलग-अलग राज्यों का हाल

गाड़ियों की टंकियां फुल कराने पहुंचे लोग, धक्का-मुक्की पर पुलिस तैनात करनी पड़ी, कर्मचारी भी सभी को समझाते रहे

पेमेंट वाली मशीन के गर्म होने की वजह से अब पेमेंट का भी इशू आ रहा है, इस वजह से भी अब इंतजार करना पड़ रहा

### उप्र: गैस एजेंसी पर लगी भीड़



उप्र में अमरोहा में गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। लोग बोले केवाईसी के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

उप्र के अमरोहा में गैस की भारी किल्लत से लोगों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा, कई जगह जाम और हंगामा हुआ



### महाराष्ट्र में पेट्रोल पर यूं लग गई लाइनें

**कराड।** महाराष्ट्र के कई जिलों में बुधवार को पश्चिम एशियाई संघर्ष के बाद फ्यूल की कमी की अफवाहों के बाद एक पेट्रोल पंप और गैस स्टेशन के बाहर अपने टू-व्हीलर और फोर व्हीलर में फ्यूल डलाने के लिए लाइन में लगी गई। पंप संचालकों ने कहा ईंधन की कमी नहीं है।



### प्रयागराज में गैस सिलेंडर के लिए लगी कतार

**प्रयागराज।** यूपी में भी एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर किल्लत सामने आ रहीं है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज समेत कई जिलों में एजेंसी में लाइन लगाने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं अमेठी में उपभोक्ता गैस एजेंसी के बाहर रात भर लाइन में लगे रहे। वहीं, अफसरों का कहना है कि सिलिंडर की कमी नहीं है।

### पंपों पर लगे नोटिस बोर्ड



**सूरत।** फ्यूल की कमी की अफवाहों के बाद बुधवार को पंप पर पेट्रोल देने के समय का बोर्ड लगाया गया।




**श्रीनगर।** पेट्रोल पंप पर नोटिस में लिखा कि सरकार के आदेश पर कैन और बोतलों आदि में पेट्रोल और डीजल नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप


### 'चाहे कितना भी करो हमला, जीतेगा बंगाल'




**कोलकाता।** भवानीपुर सीट को लेकर ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तंज कसते हुए नारा दिया 'आप चाहे कितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल' जो काफी वायरल हो रहा है। जलपाईगुड़ी में जनसभा में यह नारा दिया। चालसा में भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का कार्ड खेला।

### किसान ने सड़क पर फेंके 25 क्विंटल टमाटर


**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में टमाटर उत्पादक किसानों पर



आर्थिक संकट मंडरा रहा है। बाजार में टमाटर को उचित दाम नहीं मिलने से किसान अमर काकड़े ने विरोध स्वरूप पूरी फसल सड़क पर फेंक दी। यह घटना धारकल्याण गांव की है। किसान ने करीब एक एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती की थी। 25 क्विंटल टमाटर थे।

### सुक्खू सरकार ने 3 साल में रिकॉर्ड तोड़ कर्ज लिया

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही सुक्खू



सरकार ने तीन साल में अब तक 41,173 करोड़ का कर्ज लिया है, जबकि 32,004 करोड़ का कर्ज चुकाया भी है। यह जानकारी संशोधित बजट अनुमान में दी गई है। 2026-27 के बजट में 11,965 करोड़ का कर्ज लेने का प्रस्ताव है। सरकार पर यह चुनौती बन गया है।

### तेलंगाना: कांग्रेस नेता जीवन रेड्डी ने छोड़ी पार्टी

**करीमनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी. जीवन रेड्डी ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रेड्डी ने जगतियाल जिला मुख्यालय में समर्थकों के साथ हुई बैठक में अपने इस्तीफे की घोषणा की। रेड्डी के इस फैसले के साथ ही पार्टी से उनका लंबे समय से जुड़ा नाता टूट गया। रेड्डी ने कांग्रेस और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया। वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें निर्णय बदलने के लिए मनाने की कोशिश की।

## केंद्र सरकार ने कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए

# उड़ान 2.0 योजना को मिली मंजूरी, 100 एयरपोर्ट बनेंगे

**इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी योजना 5 साल बढ़ी**

*'उड़ान' योजना की शुरुआत अक्टूबर 2016 में की गई थी, जिसका उद्देश्य देश के छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना और आम लोगों के लिए हवाई यात्रा को सुलभ और किफायती बनाना है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उड़ान-2 को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद रीजनल एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करना और देशभर में मौजूदा एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट्स विकसित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मॉडिफाइड उड़ान योजना 10 साल यानी वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक के लिए होगी। इसके लिए 28,840 करोड़ रुपये का बजटीय सपोर्ट रखा गया है।

**उड़ान से टियर-2 और टियर-3 शहरों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी**

***योजना के लिए 28,840 करोड़ की मंजूरी दी***

### मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक





### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि यह सरकार के 2047 के विजन के अनुरूप है। उड़ान-2.0 से छोटे शहरों में एयर कनेक्टिविटी बढ़ेगी और वहां आर्थिक गतिविधियों, ट्रेड और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उड़ान योजना को अक्तूबर 2016 में लॉन्च किया गया था। इसका मकसद आम लोगों के लिए हवाई यातायात को सस्ता बनाना और टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाना था। पिछले 9 साल में 95 एयरपोर्ट्स, हेलीपोर्ट्स और एयरोड्रोम्स में 663 रूट्स ऑपरेशनलाइज्ड किए गए हैं।

### नए एयरपोर्ट्स चैलेंज मोड में विकसित किया जाएगा

मॉडिफाइड उड़ान स्कीम के तहत रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मौजूदा अनसर्व्ड एयरट्रिप्स से 100 एयरपोर्ट्स विकसित किए जाएंगे। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत 100 नए एयरपोर्ट्स को चैलेंज मोड में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रति एयरपोर्ट औसत लागत 100 करोड़ रुपये होगी और कुल बजटरी सपोर्ट 12,159 करोड़ रुपये का होगा। इस योजना के तहत 200 मॉडर्न हेलीपैड भी विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 3,661 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसका मकसद पहाड़ी, पूर्वोत्तर, द्वीपीय और एस्पिरेशन रीजन्स में एयर कनेक्टिविटी में सुधार लाना है। एयरलाइन्स को सपोर्ट करने के लिए केंद्र अगले पांच साल तक 80 से 90 फीसदी वायबिलिटी गैप फंडिंग देगा। इसके लिए 10.043 करोड़ का प्रावधान किया है।

### पर्यावरण से जुड़ी नई प्रतिबद्धताओं की मंजूरी

कैबिनेट बैठक में पर्यावरण से संबंधित भी कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2025 से 2035 तक के लिए नए पर्यावरण लक्ष्य तय किए हैं। इन लक्ष्यों का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है। कैबिनेट ने इन प्रतिबद्धताओं को मंजूरी दी है, जिससे भारत के पर्यावरण के लिए नई दिशा तय होगी।

### 5 साल के लिए आईवीएफआरटी स्कीम का विस्तार

इंटरनेशनल विजिटर्स फ्रंटियर रिजर्व ट्रैकिंग (आईवीएफआरटी) स्कीम को 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया हैष अब यह योजना 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की इमिग्रेशन और वीजा प्रणाली को और अधिक आधुनिक बनाना है, ताकि विदेशों से आने वाले लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया सरल और तेज हो सके। इस स्कीम पर कुल 1800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे सुरक्षा और इमिग्रेशन प्रक्रिया को और बेहतर किया जा सकेगा।

## सर्वदलीय बैठक पर विदेश मंत्री की टिप्पणी

# हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं: जयशंकर

◆ सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने कहा था- ईरान जंग में पाकिस्तान मध्यस्थता कर रहा, भारत मूकदर्शक बना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट को लेकर संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह ने की। करीब दो घंटे चली बैठक में कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसके जवाब में कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है। हम किसी की ओर से मध्यस्थता नहीं करते। विपक्ष के आरोपों पर कि भारत चुप है, सरकार ने कहा कि वह लगातार स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रही है। विपक्ष ने सरकार के जवाबों को असंतोषजनक बताया और संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक से दूरी बनाई है और राहुल गांधी भी इसमें शामिल नहीं हुए। बैठक का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों को स्थिति की जानकारी देना था।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने बुलाई समीक्षा बैठक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खाद की आपूर्ति मजबूत करने, कालाबाजारी रोकने और अन्य जरूरी कदमों पर जोर दिया गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बैठक में आने वाले खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्रालय ने बताया कि लक्ष्य यह है कि किसानों को समय पर खाद, बीज और अन्य जरूरी संसाधन मिल सकें।

- ❒ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वैश्विक हालात और पश्चिम एशिया के संकट पर जानकारी दी।
- ❒ बैठक में सरकार ने भारत की रणनीति पर स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा संसाधनों की कमी नहीं है।
- ❒ मौजूदा हालात पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात और उसके भारत पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा हुई है।
- ❒ बैठक में सरकार ने विपक्ष को मौजूदा हालात की जानकारी दी और सवालों का जवाब भी दिया।
- ❒ विपक्ष ने सुरक्षा, तेल आपूर्ति और विदेश नीति को लेकर सवाल उठाए, जिन पर सरकार ने भरोसा दिलाया कि सभी पहलुओं पर नजर रख रहे।

## शीशमहल की कैग रिपोर्ट पर घेरा

# प्रवेश वर्मा ने केजरी की तुलना रहमान डकैत से की

**नई दिल्ली(हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली विधानसभा में बुधवार को बजट सत्र के तीसरे दिन शीशमहल पर पेश की गई कैग रिपोर्ट पर चर्चा हुई। शीशमहल की कैग रिपोर्ट पर बोलते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। वहीं, मंत्री प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल की तुलना फिल्म 'धुरंधर 2' के रहमान डकैत से की है।

■ दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र का तीसरा दिन

सीएम रेखा गुप्ता ने केजरीवाल के अलावा उनके मंत्रियों द्वारा अपने-अपने सरकारी बंगलों में रिनोवेशन पर खर्च किए गए सरकारी पैसे का भी ब्यौरा सदन में पेश किया। वर्मा ने कहा कि रिपोर्ट में निर्माण कार्य में गंभीर खामियों को उजागर किया गया है। एक लोकप्रिय फिल्म 'धुरंधर' रिलीज हुई थी। अरविंद केजरीवाल 'रहमान डकैत' थे, जिन्होंने दिल्ली के पैसों पर डाका डाला लेकिन हमारी 'धुरंधर' जनता ने पिछले साल ऐसे 'डकैत' को हरा दिया।"

**बारामती और मुंबई पुलिस के इनकार पर कर्नाटक पहुंचे रोहित पवार**

# अजित पवार प्लेन क्रैश की बेंगलुरु में जीरो एफआईआर

एजेंसी ▶▶ मुंबई=

पुणे, बारामती और मुंबई समेत महाराष्ट्र में अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में केस दर्ज कराने में असफल रहे शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार को इस मामले में कर्नाटक में सफलता मिली है। उन्होंने बेंगलुरु पुलिस में इस केस की जीरो एफआईआर दर्ज कराई है। बारामती में 28 जनवरी को अजित पवार के प्लेन क्रैश के मामले में शेषाद्रीपुरम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हो गया है। केस दर्ज कराने के बाद रोहित पवार



मुंबई पहुंचे और पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। रोहित पवार ने मंगलवार को ही विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था। इस मामले में दिवंगत अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने इंडियन सिविल प्रोटेक्शन कोड, 2023 के सेक्शन 173(1) के तहत 'जीरो एफआईआर' के तौर पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### बेंगलुरु पुलिस ने डीजी को भेजी एफआईआर

रोहित पवारने कहा कि हमने महाराष्ट्र में कई जगहों पर केस रजिस्टर करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी, फिर हम कर्नाटक गए। कर्नाटक सरकार न्याय दिलाने के लिए आगे बढ़ी है। उन्होंने जीरो एफआईआर दर्ज करके DG को भेज दी है। रोहित ने कहा कि अजित पवार के प्लेन क्रैश के बारे मेंकेस रजिस्टर कर लिया गया है। हमने जो कर सकते थे, किया, फॉलोअपकिया।

## जेंडर के स्वयं-निर्धारण का अधिकार हटाना उद्देश्य

# संसद में ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक पारित

**नई दिल्ली।** संसद ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 पारित किया। राज्यसभा ने बुधवार को इस विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया। लोकसभा ने इसे मंगलवार को ही मंजूरी दे दी थी।

डीएमके सांसद तिरुचि शिवा द्वारा विधेयक को एक प्रवर समिति के पास भेजने के लिए पेश किया गया प्रस्ताव खारिज किया गया। इस विधेयक में प्रस्तावित विवादास्पद संशोधन यह है कि यह जेंडर के स्वयं-निर्धारण के अधिकार को छीन लेता है।

### वित्त विधेयक लोस से पारित

वित्त विधेयक 2026 लोकसभा में 32 सरकारी संशोधनों को शामिल करने



के बाद पारित हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत तेजी से सुधारों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। देश में सुधार स्पष्ट सोच, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और लगातार आगे बढ़ रहा है।

## बलात्कार मामले में कार्रवाई

# 'आप' नेता पठानमाजरा ग्वालियर से गिरफ्तार

**पटियाला (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में छह महीने से अधिक समय से फरार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

■ सनौर से विधायक को पटियाला वापस लाया गया

अधिकारियों ने बताया कि पहली बार विधायक बने पठानमाजरा को मंगलवार रात ग्वालियर से पकड़ा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (पटियाला) वरुण शर्मा ने बताया कि सनौर से विधायक पठानमाजरा को पटियाला वापस लाया गया है और उन्हें यहां की अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने दुष्कर्म, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी देने के आरोप में पठानमाजरा के खिलाफ यहां सिविल लाइंस थाने में एक सितंबर 2025 को मामला दर्ज किया था।

# कांग्रेस को 24 अकबर रोड बंगला खाली करने का आदेश

## यूथ दफ्तर पर भी थमाया नोटिस, डेडलाइन भी दे दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




कांग्रेस को आज बड़ा झटका लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस को 24 अकबर रोड का बंगला खाली करने का नोटिस मिला है। पार्टी से कहा गया है कि आगामी 28 मार्च तक आप इस पुराने बंगले को खाली कर दें. इसके साथ यूथ कांग्रेस के ऑफिस 5 रायसीना रोड को भी खाली करने का नोटिस मिला है। बीते 48 सालों से 24 अकबर रोड के बंगले में कांग्रेस का मुख्यालय है। हालांकि बीते साल कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन हो चुका है,लेकिन इसके बावजूद 24 अकबर रोड वाले कार्यालय को कांग्रेस ने खाली नहीं किया है। यहां भी पार्टी की गतिविधियां पहले की तरह ही चल रही हैं। नोटिस मिलने के बाद से पार्टी राहत के लिए कनूनी विकल्प पर विचार कर रही है।

### बीजेपी ने भी किया कब्जा, फिर हमें ही नोटिस क्यों : कांग्रेस

इस नोटिस के बाद कांग्रेस में उबाल आ गया है। लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सरकार कांग्रेस पर 'दबाव डालकर चुप कराना' चाहती है। उन्होंने कहा, 'सरकार सोचती है कि दबाव बनाकर कांग्रेस को चुप करा सकती है। उन्हें हमें डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। क्या उन्होंने भाजपा के अशोक रोड या पंत मार्ग वाले कार्यालय को खाली करने का नोटिस दिया है? क्योंकि ईरान युद्ध के मुद्दे पर वे कुछ नहीं कर पाए हैं, इसलिए ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।' कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'लोकतांत्रिक सरकार नहीं है'। उन्होंने बताया, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नोटिस हमें पहुंचने दें। हम चर्चा के बाद उस पर कार्रवाई करेंगे।'

### यह है सरकार की नीति

सरकार की अपनी नीति (लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस की 2012 की पॉलिसी) स्पष्ट है। जब किसी राजनीतिक पार्टी को नया कार्यालय बनाने के लिए जमीन आवंटित हो जाती है, तो उसे तीन साल के अंदर पुराना सरकारी बंगला खाली कर देना चाहिए। भाजपा का नया मुख्यालय 2018 में बन गया था, यानी 2021 तक अशोक रोड खाली होना चाहिए था। लेकिन आज 2026 में भी भाजपा इस कार्यालय पर काबिज है।

### इच्छामृत्यु के बाद हरीश राणा का अंतिम संस्कार



पिता हाथ जोड़कर बोले- कोई रोना मत

**नई दिल्ली।** 13 साल से कोमा में रहे हरीश राणा का बुधवार को दक्षिण दिल्ली के ग्रीन पार्क में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद उनका एम्स में निधन हुआ था। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### ट्रैक पर खैनी थूकने के चक्कर में वंदेभारत की चपेट में आया, मौत

**पटना (एजेंसी)।** राजधानी पटना के नजदीक बाढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां खैनी थूकने के दौरान एक यात्री तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान भदौर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी मिथिलेश यादव के रूप में हुई है। वह ट्रेन पकड़ने के लिए बाढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिथिलेश यादव खैनी थूकने के लिए प्लेटफॉर्म से नीचे रेलवे ट्रैक की ओर चले गए। इसी दौरान पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन तेज गति से वहां से गुजर रही थी। ट्रेन को नहीं देख पाने के कारण वह उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विकास कुमार, बर्गर बाइट कैफे, श्रीमती पूजा देवी, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10264500) | आबादी देह के अंदर, (लाल डोरा के अंदर), गांव कुंजपुरा, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा, भारत-132001 में स्थित मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Super_Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 623.70, 467.80, 264.00, 708.70 | रु. 520935/- (रुपये पांच लाख बीस हजार नौ सौ पैंतीस केवल) | 19/07/2025 | 23/03/2026 |
| श्री अमित कुमार, सतीश क्लॉथ हाउस, श्री संतोष रानी, श्री सतीश कुमार, (प्रोस्पैक्ट नं. 951314) | 205, वार्ड नं. 13, राम नगर, घरौंडा, करनाल-132114, हरियाणा, भारत (42678) में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Super_Built_Up_Area, Carpet_Area, Land_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 999.00, 995.00, 822.00, 904.00 | रु. 779315.72/- (रुपये सात लाख उनासी हजार तीन सौ पन्द्रह और बहत्तर पैसे केवल) | 26/07/2025 | 23/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल - एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 26.03.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## चिंतन

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करना हो अगला कदम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भड़कने के बाद एक बात पूरी दुनिया को समझ में आ गई है कि अब उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 'आउट ऑफ बॉक्स' सोच की जरूरत है। इस युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा चर्चा का रुख निर्णायक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर मोड़ दिया है। यूरोप, यूनाइटेड किंगडम और जापान जैसे देशों ने अपने घरेलू ऊर्जा स्त्रोतों को सुरक्षित करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि यह व्यवधान लंबा खिंच सकता है और संरचनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। आपूर्ति में कमी और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का असर बाजारों पर संघर्ष खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक बना रह सकता है। इसी परिदृश्य में भारत भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अपने प्रयास तेज कर रहा है। शायद यही हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प भी है। अधिक आक्रामक तरीके से ड्रिलिंग करने की मौजूदा पहल 2025 और 2026 की शुरुआत से ही गति पकड़ चुकी थी, जिसे अब भू-राजनीतिक दबावों ने और तेज कर दिया है। इस बदलाव का सबसे स्पष्ट संकेत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से मिला है, जिसकी हालिया पहल दिखाती है कि भारत अब केवल इरादों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहा है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 20 अरब डॉलर का वैश्विक टेंडर जारी कर गहरे समुद्र में ड्रिलिंग रिग्स किराए पर लेने का फैसला भारत की अपस्ट्रीम रणनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इस योजना का विशाल आकार और केवल 80 दिनों में रिग्स जुटाने की शर्त भारत के अन्वेषण इतिहास में शायद ही कभी देखी गई तत्परता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम उत्पादन वाले और नए (फ्रंटियर) दोनों तरह के बेसिन को कवर करता है। ओएनजीसी कृष्णा-गोदावरी बेसिन में गतिविधि बढ़ा रहा है और साथ ही अंडमान के अल्ट्रा-डीपवॉटर क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहा है, जिन्हें लंबे समय से संभावनाशील लेकिन कम खोजे गए क्षेत्र माना जाता रहा है। बीपी, एक्सॉनमोबिल, टोटलएनर्जीज और पेट्रोब्रास जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी यह दर्शाती है कि भारत जटिल समुद्री क्षेत्रों में तेजी से परिणाम पाने के लिए तकनीक और विशेषज्ञता आयात करने को तैयार है। यह केवल ड्रिलिंग गतिविधि का विस्तार नहीं, बल्कि एक रणनीतिक उछाल है। डीपवॉटर अन्वेषण महंगा और अनिश्चित होता है, लेकिन इसमें बड़े भंडार मिलने की संभावना होती है, जो भारत के ऊर्जा संतुलन को बदल सकती है। अरबों डॉलर का निवेश यह दिखाता है कि ऊर्जा सुरक्षा अब राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुकी है। सरकार अब रसोई गैस (एलपीजी) पर निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम हो रहा है। हालांकि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है। सोलर एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल बढ़ाना भी इस दिशा में अहम कदम हो सकता है। हालांकि इसमें भी समस्या सप्लाई चेन की ही है। हम ईवी के लिए अभी बड़े पैमाने पर चीन व अन्य देशों पर निर्भर हैं। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भता ही सर्वोत्तम विकल्प है। वैश्वीकरण के मौजूदा दौर में जब दुनिया सप्लाई चेन के लिए एक-दूसरे पर आश्रित हो गई है तो भी जरूरी है कि ऐसे स्त्रोतों का विविधीकरण करके किसी एक पर ही निर्भर न रहा जाए।



आर्थिकी
सतीश सिंह

इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# कमजोर और कमतर होता रुपया

बीस मार्च को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर 93.24 पर पहुंच गया, जो बाद में सुधरकर 93.12 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट का कारण कच्चे तेल का बढ़ता आयात बिल और विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार से लगातार पैसा निकालना है। इस महीने की शुरुआत में रुपया 92 के स्तर पर था। 1947 में एक डॉलर की कीमत 4 रुपये थी, जो 2022 में घटकर 80 रुपये हो गई और अब यह कमजोर होकर 93 रुपये के स्तर पर आ गया है। केवल 3 वर्षों में रुपया डॉलर के मुकाबले 13 रुपये कमजोर हुआ है।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ रही हैं। खाड़ी देशों में ईरान के हमलों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। भारत अपनी कुल जरूरत का 85% कच्चा तेल रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका और यूएई से आयात करता है, लेकिन फिलहाल अमेरिका के कारण रूस से तेल की आपूर्ति सामान्य नहीं हो पा रही है। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ रही हैं। ध्यान दें कि कच्चे तेल का भुगतान डॉलर में किया जाता है। तेल की कीमतें बढ़ने से डॉलर की मांग भी बढ़ी है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और रुपया कमजोर हो रहा है। तेल की कीमतें बढ़ने से हवाई यात्रा, परिवहन और जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी भारत में बढ़ रही हैं। 22 मार्च 2026 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 709.76 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर था। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से डॉलर अधिक खर्च हो रहा है, साथ ही रिजर्व बैंक रुपये को स्थिर रखने के लिए डॉलर की लगातार बिक्री कर रहा है, क्योंकि वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। इन कारणों से 13 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 7.052 अरब डॉलर की तेज़ गिरावट दर्ज की गई थी। उससे पहले, 6 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट हुई थी। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2026 के मध्य में, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 725 अरब डॉलर से अधिक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक अनिश्चितता और डर के कारण, मार्च तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगभग 8 अरब डॉलर, यानी करीब 83,000 करोड़ रुपये, भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। रुपये के कमजोर होने के कारण, विदेशी निवेशक अपने पैसे सुरक्षित रखने के लिए भारत जैसे उभरते बाजार से पैसा निकालकर अमेरिकी बॉन्ड्स में निवेश कर रहे हैं। इस बिकवाली से रुपये कमजोर हो रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 फीसदी और भारत का लगभग आधा तेल गुजरता है। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस रूट पर आपूर्ति में बाधा का खतरा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक इस समुद्री मार्ग की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। रुपये की कमजोरी के कई दुष्परिणाम हैं। इसकी कमजोर स्थिति से भारत में आयात महंगे हो



जाएंगे, जैसे क्रूड ऑयल और इलेक्ट्रॉनिक आइटम, जिनमें मोबाइल और लैपटॉप भी शामिल हैं। आयात महंगा होने से देश के चालू खाते का घाटा बढ़ेगा। जिन कंपनियों ने विदेश से कर्ज लिया है, उन्हें चुकाने के लिए ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ेगी। इससे विदेश में पढ़ाई का खर्च भी बढ़ेगा, और यह भारत की आर्थिक विकास दर को प्रभावित कर सकता है। लगातार बढ़ती कच्चे तेल की कीमत महंगाई को बढ़ाएगी और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करना भी मुश्किल हो जाएगा, जिससे बचत में कमी, बैंकों को सस्ती पूंजी की किल्लत, कर्ज दर में वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों में कमी, महंगाई में वृद्धि और विकास दर में गिरावट आएगी। रुपये की कमजोरी के कुछ फायदे भी हैं, जैसे कि इससे निर्यातकों को लाभ होता है। आईटी, फार्मा और ऑप्टिकल उद्योग की कंपनियों को उनके उत्पाद या सेवाओं के लिए डॉलर में भुगतान मिलता है। जब ये डॉलर को रुपये में बदलते हैं, तो उन्हें अधिक रुपये मिलते हैं। भारत में विदेशी पर्यटकों के लिए यात्रा करना सस्ता हो जाएगा, जिससे स्थानीय पर्यटन क्षेत्र को फायदा होगा। विदेशों में काम करने वाले भारतीय अपने परिवारों को जो पैसा भेजते हैं, वह अधिक रुपये में मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक कच्चे तेल की कीमतें 110-115 डॉलर से ऊपर हैं और विदेशी निवेशक बेचवाली कर रहे हैं, रुपये कमजोर बना रहेगा। यदि वैश्विक माहौल में कोई सुधार नहीं होता, तो यह 94 के स्तर को भी पार कर सकता है।

किसी भी देश की मुद्रा का मूल्य मुख्य रूप से उसके अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत को अधिक सामान जैसे कच्चा तेल मंगवाना हो तो उसे अधिक डॉलर की आवश्यकता होगी। इस मांग के बढ़ने पर डॉलर की कीमत बढ़ेगी और वह महंगा हो जाएगा, जिससे रुपया कमजोर हो जाएगा। मुद्रा की कीमत का निर्धारण देश की महंगाई दर, ब्याज दरें और विदेशी निवेशकों का भरोसा भी करता है। जब महंगाई कम रहेगी तो आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और अर्थव्यवस्था स्थिर रहने पर विदेशी निवेशक भारत में निवेश करेंगे, जिससे डॉलर की आमद बढ़ेगी और रुपया मजबूत होगा। आसान शब्दों में, दुनिया में जिस मुद्रा की मांग अधिक और आपूर्ति कम होगी, उसकी कीमत भी उतनी ही अधिक होगी।

अंत में कहा जा सकता है कि रुपये की कमजोरी के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। युद्ध के कारण निवेशकों के बीच डर का माहौल है, जिससे एशियाई बाजार और भारतीय शेयर बाजार जैसे सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट आई है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जिससे देश में निवेश घट रहा है, क्योंकि भारत में विदेशी निवेशकों का अहम योगदान है। इसके अतिरिक्त, इससे भारत में उर्वरक, तेल और रसोई गैस की कमी हो गई है। शिपिंग मार्गों में रुकावट से कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ा है। इन बाधाओं से महंगाई बढ़ी है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार कम हो रहा है। वर्तमान स्थिति में सरकार को उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सब्सिडी देनी पड़ेगी, क्योंकि भारत में उर्वरक का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इससे राजकोषीय दबाव का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था अभी मजबूत है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहता है तो रुपये और कमजोर होंगे और भारत को कई आर्थिक स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

( लेखक एसबीआई मुंबई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## रामनवमी पर विशेष

मुनीष भाटिया




# आध्यात्मिक चेतना और दर्शन के शाश्वत प्रतीक हैं श्रीराम

मानव जीवन एक सतत यात्रा है-सत्य, प्रेम और आत्मबोध की यात्रा। इस यात्रा में राम एक मार्गदर्शक प्रकाश की तरह हमारे साथ रहते हैं। वे केवल इतिहास या ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के अंतर्मन में बसने वाली वह चेतना है, जो हमें सही और गलत का भेद सिखाती है। उनका नाम केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने की अनुभूति है। आज का समाज अनेक विभाजनों में बंट चुका है-जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर। इन विभाजनों ने मानवता की मूल भावना को कमजोर कर दिया है। लेकिन राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म वही है, जो सबको साथ लेकर चले। शबरी के प्रेम से सिक्त बेर स्वीकार करना, निषादराज को आत्मीय मित्र बनाना और हनुमान जैसे भक्त को हृदय से लगाना-ये सभी प्रसंग यह दर्शाते हैं कि राम के लिए कोई भी ऊंच-नीच या भेदभाव नहीं था। वे समरसता और समानता के सच्चे प्रतीक हैं। राम को "मर्यादा पुरुषोत्तम" इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने जीवन के हर संबंध और हर भूमिका में मर्यादा का पालन किया। चाहे वह पुत्र के रूप में पिता के वचन का पालन हो, राजा के रूप में प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व, या एक मित्र के रूप में निष्ठा-हर स्थान पर उन्होंने आदर्श स्थापित किए। आज जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं और स्वार्थों के कारण मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहा है, तब राम का जीवन हमें अनुशासन और संयम का महत्व याद दिलाता है। उन्होंने चौदह वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि कर्तव्य और वचन की मर्यादा सर्वोपरि होती है। राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि मनुष्य अपने कर्मों और आचरण से ही महान बनता है। वे हमें यह समझाते हैं कि "पुरुष" से "पुरुषोत्तम" बनने की यात्रा बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से तय होती है। जब व्यक्ति लोभ, मोह, अहंकार और वासना जैसे बंधनों से मुक्त होकर निष्काम भाव से कर्म करता है, तभी वह अपने वास्तविक स्वरूप के निकट पहुंचता है। राम का यह संदेश हमें आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है। मानव की सबसे बड़ी चुनौती उसकी अनियंत्रित इच्छाएं हैं, जो उसे भ्रम और पतन की ओर ले जाती हैं। इसके विपरीत, रावण का चरित्र यह दर्शाता है कि ज्ञान और शक्ति होते हुए भी यदि व्यक्ति अपने अहंकार और वासना पर नियंत्रण नहीं रखता, तो उसका विनाश निश्चित है। इस प्रकार राम और रावण का अंतर केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक मूल्यों का अंतर है। राम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश "निष्काम कर्म" का है- ऐसा कर्म, जिसमें फल की अपेक्षा न हो। जब व्यक्ति बिना स्वार्थ के अपना कर्तव्य निभाता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बनता है। आज का मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि उसने आंतरिक संतोष और शांति को पीछे छोड़ दिया है। राम का मार्ग हमें सादगी, संतुलन और आत्मिक संतोष की ओर लौटने का आह्वान करता है। सत्य और धर्म राम के जीवन के मूल आधार रहे हैं। उन्होंने हर परिस्थिति में सत्य का साथ दिया, चाहे वह कितना ही कठिन क्यों न हो। यह हमें सिखाता है कि सच्चाई का मार्ग भले ही चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन अंततः वही स्थायी विजय का मार्ग है। इसी संदर्भ में आज के समय में राम के आदर्शों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव के बीच व्यक्ति स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे में राम का जीवन हमें आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। वे सिखाते हैं कि बाहरी सफलता के साथ-साथ आंतरिक संतुलन भी आवश्यक है। यदि मन अशांत है, तो कोई भी उपलब्धि हमें संतुष्टि नहीं दे सकती। इसलिए राम का मार्ग केवल नैतिकता का ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन का भी मार्ग है। इसके अतिरिक्त, राम का जीवन नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा के रूप में सदैव प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। आज के नेतृत्वकर्ता यदि राम के इस गुण को अपनाएं, तो समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना हो सकती है। राम हमें यह भी सिखाते हैं कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो त्याग, सेवा और समर्पण पर आधारित हो, न कि केवल सत्ता और अधिकार पर। अंततः, राम कोई दूरस्थ आदर्श नहीं, बल्कि हमारे भीतर जागृत होने वाली वह चेतना हैं, जो हमें एक बेहतर मनुष्य बनने की प्रेरणा देती है। उनका संदेश सरल है-सत्य का अनुसरण करो, धर्म का पालन करो, और मानवता को सर्वोपरि रखो। यही जीवन का सार है, और यही सच्चे अर्थों में राम को जीना है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# धैर्य के साथ करें आत्म मूल्यांकन



संकलित
**दर्शन**

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

# विकास के द्वार बंद करता है श्रमरहित पराश्रित जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूँ, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### परमात्मा बेईमानी-चालाकी सब देखते हैं

दुनिया की नजर से बचकर हम चालाकियां और बेईमानियां कर सकते हैं, लेकिन जो हमारे कर्मों का लेखा-जोखा रख रहा है, उससे हम कुछ नहीं छुपा सकते। हम सब जानते हैं कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस अटल सच्चाई को नजरअंदाज करते हुए बेईमानी और अन्य गलत कामों को करने से परहेज नहीं करते, बेशक उन्होंने बुरे कर्मों का नतीजा भुगता ही क्यों न हो, लेकिन फिर भी वो दुनिया से नजर बचाकर बेईमानी और चालाकी करने से बाज नहीं आते। परमात्मा हमारी अंतरात्मा पर भी नजर रखता है, वो हमारी सोच, मन, मस्तिष्क में क्या चल रहा है, उसको भी देखता है। परमात्मा की नजर में हमारे कर्म रिकॉर्ड होते हैं।

*- धर्मपाल रोहिल्ला, बरोदा, सोनीपत।*

## करंट अफेयर

# ईरान में छिड़ी जंग से ज्यादा परेशान ये मुल्क

ईरान में अमेरिका और इजरायल की ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। ईरान के तेल कुएं हों या फिर गैस फील्ड, सभी को अमेरिका और इजरायल ने टारगेट किया है। वहीं ईरान ने भी संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और बहरीन समेत कई ऐसे देशों पर हमले किए हैं, जहां से बड़ी संख्या में तेल और गैस की सप्लाई दुनिया भर में की जाती है। इस जंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को भी बाधित किया है, जहां से दुनिया का करीब 20 फीसदी तेल कारोबार होता है। इसके चलते भारत समेत कई देशों में तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह है कि भारत ने अपनी तेल की जरूरतों को डाइवर्सिफाई किया है। वहीं पाकिस्तान, जापान,



थाइलैंड और कोरिया जैसे देशों को ज्यादा परेशानी है। एक रिपोर्ट के अनुसार खाड़ी देशों से अपनी जरूरत का सबसे ज्यादा तेल आयात पाकिस्तान करता है। इसके बाद दूसरा नंबर जापान, तीसरा थाईलैंड और चौथा साउथ कोरिया का है। इसके बाद 5वां नंबर भारत का आता है। साफ है कि ईरान में चल रही जंग से भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा परेशान पाकिस्तान है। इस संकट के चलते एक तरफ सप्लाई पर असर पड़ा है तो वहीं कच्चे तेल के दाम भी 100 डॉलर के ऊपर लगातार बने हुए हैं।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में



कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## ट्रेंड

### शांति और स्थिरता पर चर्चा



राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान हुआ। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। हमने शांति और स्थिरता के प्रयासों के संबंध में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ट्रांसजेंडर विधेयक



भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडरों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर खुला हमला है। यह प्रतिगामी विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों से उनकी स्वयं की पहचान करने का अधिकार छीन लेता है, जो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आईपीडी टावर की उपेक्षा



जयपुर के महिला चिकित्सालय (सांगानेरी गेट) में बन रहा आईपीडी टावर भी आज भाजपा सरकार की उपेक्षा का शिकार है। हमारी कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2023 में इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया था।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बिहार में अपराध



बिहार में अपराधियों का काम अब पुलिस कर रही है। दारू पीकर दरोगा किसी को भी गोली मार देता है और दरोगा का कुछ नहीं बिगड़ता। ये भ्रष्ट असामाजिक तत्व हमारे लोगों के संयम और अनुशासन को कमजोरी ना समझें।

**-तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# ईरान ने अमेरिकी यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, कहा- 'रेंज में आते ही इसे पूरी तरह ध्वस्त कर देंगे'

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने भूमध्यमहासागर में अमेरिका के युद्धपोत (5वें बेड़े) यूएसएस अब्राहम लिंकन को एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में निशाना बनाया है। एक वीडियो में ईरानी मिसाइल अब्राहम लिंकन पर जोरदार हमले करते देखी जा रही है। ईरान ने इसके साथ ही अमेरिका को सख्त चेतावनी भी दी है। ईरान की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शहराम ईरानी ने अमेरिकी विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को लेकर सख्त चेतावनी दी है। ईरानी नौसेना प्रमुख ने कहा है कि ईरानी नौसेना लगातार इस जहाज की हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। हम यूएसएस अब्राहम लिंकन की हर हलचल को लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। एक बार इसके हमारे रेंज में आने भर की देरी है, उसके बाद तुरंत इस युद्धपोत को ध्वस्त कर दिया जाएगा। ईरानी नौसेना कमांडर ने चेतावनी दी कि कोई भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी भूमि, समुद्री क्षेत्र और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।


अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम फाइल फोटो

## खास बातें

- कतर के अमीर शेख तमीम ने पाक पीएम शहबाज से बातचीत की
- व्हाइट हाउस का दावा- ईरान रास्ता निकालने की कोशिश में, बातचीत जारी
- अमेरिका का दावाः ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान
- हिजबुल्ला ने इजराइल पर 30 रॉकेट दागे

## हमारी सैन्य क्षमता को कम न आंके अमेरिका

एडमिरल ईरानी ने कहा कि दुश्मन को हमारी इच्छाशक्ति और सैन्य क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए। ईरान की नौसेना अत्याधुनिक मिसाइलों और तटीय हमले वाले हथियारों से लैस है, जो किसी भी बड़े युद्धपोत को निशाना बना सकती है। अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप यदि ईरानी जल क्षेत्र या मिसाइल रेंज के करीब आया तो उसे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

ईरान ने जारी रखे हमले

## कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला, फ्यूल टैंक में लगी आग, सीमित नुकसान

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले के बाद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत सिविल एविएशन प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। प्रवक्ता अब्दुल्ला अल-राजही ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान संपत्ति तक ही सीमित रहा। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। फायर ब्रिगेड और अन्य संबंधित एजेंसियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं। लेबनान और ईरान की बीच मतभेदों के बीच हिजबुल्ला ने बुधवार को इजराइल पर करीब 30 रॉकेट्स दागे। ये हमले इजराइल के साफेद शहर में किए गए, जिसके बाद साफेद में सायरन की आवाजें सुनी गईं।

### ईरान का दावा : अमेरिकी एफ-18 गिराया

ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी नौसेना के एफ-18 फाइटर जेट को मार गिराया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बयान जारी कर कहा कि ईरान की एयर डिफेंस सिस्टम ने अपने हवाई क्षेत्र में घुसे दुश्मन विमान को निशाना बनाया। ईरानी दावे के अनुसार, यह कार्रवाई दक्षिणी इलाकों में की गई। हालांकि, अमेरिका की ओर से भी फिलहाल एफ-18 जेट गिराए जाने पर कोई बयान सामने नहीं आया है।

## रूसी रक्षा मंत्रालय का दावा, मार गिराए 389 यूक्रेनी ड्रोन, 13 क्षेत्रों को बनाया था निशाना

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। मंत्रालय ने बताया कि रूस के विभिन्न इलाकों और क्रीमिया पर रात के समय हमला हुआ। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू होने के चार साल बाद यह सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस के 13 क्षेत्रों और क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर इन हमलों को रोका गया। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था और इसे अपने में मिला लिया था। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैरकानूनी माना जाता है। यह हमला दिखाता है कि यूक्रेन ने अपने देश में ही लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन बनाने की क्षमता काफी बढ़ा ली है। इससे एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया था। जिसमें 24 घंटे के भीतर करीब एक हजार ड्रोन और 34 मिसाइल दागी गईं। हमला आमतौर पर रात के वक्त होता है। लेकिन इस बार दिन में भी जारी रहा। यह युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक था। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में छह लोगों की मौत हुई और करीब 50 लोग घायल हुए। मॉस्को के उत्तर में लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर द्रोजदेंको ने बताया कि वहा 56 ड्रोन मार गिराए गए।

## नासा ने अपने सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर लगाया ब्रेक, अब चांद पर बनाएगा बेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी नासा ने अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'लूनर गेटवे' पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। वाशिंगटन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान नासा के नए प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने यह चौंकाने वाली घोषणा की। उन्होंने साफ किया कि नासा अब अपना पूरा ध्यान और संसाधन चंद्रमा की कक्षा में स्टेशन बनाने के बजाए उसकी सतह पर एक स्थाई बेस तैयार करने में लगाएगा। इस बड़े बदलाव के तहत अगले सात सालों में लगभग 20 अरब डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए) खर्च किए जाएंगे। इसाकमैन के मुताबिक, एजेंसी अब उन इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेगी जो चांद की सतह पर लंबे समय तक रुकने और वहां से काम करने में मदद कर सकें। नासा का यह फैसला केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक भी माना जा रहा है। चीन ने 2030 तक चांद पर अपने अंतरिक्ष यात्री भेजने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में अमेरिका अपनी बढ़त बनाए रखना चाहता है। इसाकमैन ने संकेत दिया कि 'लूनर गेटवे' प्रोजेक्ट काफी महंगा था और इससे चांद की सतह पर उतरने के मिशन में देरी हो रही थी। हालांकि, गेटवे के लिए अब तक तैयार किए गए उपकरणों को बेकार नहीं फेंका जाएगा।

## विदेश मंत्री जयशंकर से अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी कोल्बी की मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में अमेरिका के पॉलिसी अंडर सेक्रेटरी एलब्रिज कोल्बी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि एलब्रिज कोल्बी के साथ विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ और वैश्विक हालात पर चर्चा की गई। इससे पहले एलब्रिज कोल्बी ने अनंता सेंटर में अपने संबोधन में भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिर शक्ति संतुलन का अनिवार्य और केंद्रीय भागीदार बताया। कोल्बी ने कहा कि भारत केवल एक महत्वपूर्ण साझेदार ही नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य को आकार देने वाली एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति, रणनीतिक स्वायत्तता, सैन्य क्षमता और आर्थिक ताकत को इसकी प्रमुख ताकत बताया। एलब्रिज कोल्बी ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत पर बल देते हुए लंबी दूरी के सटीक हथियारों, समुद्री जागरूकता, पनडुब्बी रोधी युद्ध और उन्नत तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने का समर्थन करता है।







Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • Panipat: SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • Kaithal: Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• Assandh: BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • Rohtak: ANSH BAJAJ 9254211102 • Jhajjar: ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • Bahadurgarh: BABA BAJAJ 9215455501/03 • Faridabad: NIT,Railway Road:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City: GOYAL BAJAJ 9781111000• Ambala Cantt: Goyal Bajaj 9053016401 • KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa: RAJINDERA BAJAJ 9729670800• Jagadhri: KRISHNA BAJAJ 9812031611 • Yamuna Nagar: KRISHNA BAJAJ 9813445102 • Panchkula: PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • Hansi: BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • Sirsa: RAJA BAJAJ 9996027379 • Bhiwani: SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • Charki Dadri: BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • Fatehabad: FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • Narnaul: RR BAJAJ 9466320249 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.